मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्षः 8 अंक 237
रविवार, 15 मार्च 2026
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-8
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## आप ने पंजाब को किया तबाहः अमित शाह



**पंजाब, 13 मार्च।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विश्वास जताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 2027 के विधानसभा चुनावों में पंजाब में सरकार बनाएगी और दावा किया कि केवल भाजपा सरकार ही राज्य में नशे की समस्या को प्रभावी ढंग से समाप्त कर सकती है। मोगा में भाजपा की बदलाव रैली के दौरान पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि मौजूदा राजनीतिक नेतृत्व में पंजाब नशे के दुरुपयोग, गैंगस्टरों की गतिविधियों, भ्रष्टाचार और बढ़ते कर्ज सहित कई चुनौतियों का सामना कर रहा है।

शाह ने कहा कि हम 2027 में पंजाब में सरकार बनाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। केवल भाजपा सरकार ही पंजाब को नशे से मुक्त कर सकती है। गैंगस्टरों के आतंक, कर्ज, धर्मांतरण और भ्रष्टाचार के कारण पंजाब तबाह हो गया है। गृह मंत्री ने मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी के नेतृत्व की भी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि राज्य सरकार दिल्ली के नेताओं के प्रभाव में चल रही है। शाह ने कहा कि आम आदमी पार्टी बदलाव के वादे पर सत्ता में आई थी। मैं आम आदमी पार्टी के नेताओं से पूछना चाहता हूँः आपके मुख्यमंत्री आखिर कर क्या रहे हैं? पूरे देश में, केजरीवाल को जहाँ भी जाना होता है, इस मुख्यमंत्री ने पंजाब सरकार के खर्चे पर विमान किराए पर लेने और उन्हें निजी पायलट बनाकर वहाँ भेजने के अलावा कुछ नहीं किया।

उन्होंने आप नेतृत्व पर पंजाब के संसाधनों के दुरुपयोग का आरोप भी लगाया। उन्होंने आगे कहा कि इस राज्य के मुख्यमंत्री को शर्म से अपना सिर झुकाना चाहिए। दिल्ली से चार सूबेदार आए हैं और वे पंजाब की संपत्ति लूटकर उसे वापस दिल्ली ले जा रहे हैं। अपने संबोधन के दौरान, शाह ने सिख गुरु तेग बहादुर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए उनके बलिदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी ने मुगलों से कश्मीरी पंडितों की रक्षा के लिए अपना प्राणों की आहुति दी। अगर गुरु तेग बहादुर जी न होते, तो एक भी हिंदू न बचता।

2022 के पंजाब विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने शानदार जीत हासिल करते हुए राज्य विधानसभा की 117 सीटों में से 92 सीटें जीतीं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 18 सीटें मिलीं, जबकि शिरोमणि अकाली दल को तीन सीटें और भाजपा को दो सीटें प्राप्त हुईं।

## अमेरिका डिल के लिए कृषि को कर रहे कुर्बानः राहुल गांधी



**नई दिल्ली, 14 मार्च।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि भाजपा सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते से संबंधित उनके सवालों का जवाब देने से बच रही है और अपने स्वार्थ के लिए भारतीय कृषि की बलि दे रही है। राहुल गांधी ने फेसबुक पर एक पोस्ट में लोकसभा में अपने अतारांकित प्रश्नों के कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी द्वारा दिए गए उत्तरों पर असंतोष व्यक्त किया।

राहुल गांधी ने कहा कि लोकसभा में मैंने सरकार से सीधा सवाल पूछाः 2021 में किसानों से किए गए वैधानिक एमएसपी (जो 32+50% की दर से गणना किया जाता है) के वादे को अभी तक लागू क्यों नहीं किया गया है? सरकार ने सीधे जवाब देने से बचते हुए केवल अपनी मौजूदा एमएसपी नीति को दोहराया। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने यह भी स्वीकार किया कि उसने राज्यों पर एमएसपी बोनस बंद करने के लिए दबाव डाला जिसे उसने बिना किसी तार्किक आधार के राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के नाम पर उचित ठहराने की कोशिश की।

जब राहुल गांधी ने उनसे पूछा कि क्या अमेरिका के साथ गैर-व्यापार बाधाओं को कम करने की भारत की प्रतिबद्धता आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों, एमएसपी और सार्वजनिक खरीद पर भारत की नीतियों को प्रभावित करती है, तो उन्होंने कहा कि सरकार इस सवाल से भी बच निकली और किसानों के प्रति अपने रवैये की आलोचना की। उन्होंने आगे कहा कि एक और महत्वपूर्ण सवाल उठता हैः अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में 'गैर-व्यापार बाधाओं' को कम करने की बात कही गई है। क्या इसका मतलब एमएसपी व्यवस्था और सरकारी खरीद को कमजोर करने का इरादा है? सरकार इस सवाल से भी बच रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार न केवल किसानों से किए गए वादों को पूरा करने से इनकार कर रही है, बल्कि वह अपने स्वार्थ के लिए भारतीय कृषि को भी कुर्बान करने को तैयार है। उन्होंने आगे कहा कि हम किसानों के अधिकारों की रक्षा और एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) को सुरक्षित रखने के लिए संसद के अंदर और बाहर, दोनों जगह अपनी आवाज उठाते रहेंगे। राहुल गांधी इस समझौते को लेकर लगातार केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे हैं और भविष्यवाणी कर रहे हैं कि यह समझौता कृषि क्षेत्र के लिए विनाशकारी साबित होगा। भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका ने 7 फरवरी को पारस्परिक और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार से संबंधित एक अंतरिम समझौते (अंतरिम समझौता) के लिए एक रूपरेखा पर सहमति की घोषणा की थी।

## बीजेपी-टीएमसी कार्यकताओं के बीच जमकर पत्थरबाजी



**कोलकता, 14 मार्च।** शनिवार को मध्य कोलकाता के गिरीश पार्क के पास टीएमसी और भाजपा समर्थकों के बीच झड़पें हुईं। यह पार्क ब्रिगेड परेड ग्राउंड से लगभग 5 किलोमीटर दूर है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिन में बाद में एक रैली को संबोधित करने वाले हैं। भाजपा समर्थकों ने आरोप लगाया कि जब वे प्रधानमंत्री के समर्थन में नारे लगाते हुए रैली स्थल की ओर जा रहे थे, तो अचानक कुछ इलाकों से उन पर पत्थर फेंके गए। एक भाजपा कार्यकर्ता ने एक बंगाली समाचार चैनल को बताया कि बिना किसी उकसावे के हम पर पत्थर फेंके गए। उन्होंने हमें गालियां भी दीं। हालांकि, स्थानीय टीएमसी कार्यकताओं ने इन आरोपों का खंडन किया और दावा किया कि भाजपा समर्थकों ने ही पहले गाली-गलौज की और उन पर पत्थर फेंकना शुरू किया। पश्चिम बंगाल के मंत्री शशि पांजा ने कहा कि मुझ पर ईंट से हमला किया गया। भाजपा कोई गुंडा नहीं है; वह हत्यारा है। शशि पांजा ने कहा कि 50 से अधिक टीएमसी कार्यकर्ता घायल हो गए हैं। मुझ पर एक बड़ा पत्थर फेंका गया, जिसके कारण मुझे अंदर धकेल दिया गया। भाजपा के लोग गुंडे हैं। ये लोग हत्यारे हैं।

पांजा ने दावा किया कि उन्होंने 'भाजपा का बहिष्कार करो' का बैनर देखा, उसे फाड़ दिया, तृणमूल कांग्रेस समर्थकों पर हमला किया और पत्थरबाजी की। यहां तक ??कि पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। आज कोलकाता में जिस तरह की गुंडागर्दी हुई है, वह अभूतपूर्व है; बंगाल में ऐसी अराजकता कभी नहीं होती। ये लोग हत्यारे हैं। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी मौके पर पहुंची। यह घटना पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की राज्यव्यापी 'परिवर्तन यात्रा' के समापन के उपलक्ष्य में आयोजित ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मोदी की रैली से ठीक आधे घंटे पहले घटी। प्रधानमंत्री अपने राज्य दौरे के दौरान 18,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का अनावरण और शिलान्यास भी करेंगे।

## बंगाल में 'महाजंगलराज' लाने वालों का काउंट डाउन शुरूः पीएम मोदी

**कोलकता, 14 मार्च।** शनिवार को कोलकाता में एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आर्थिक विकास में बंदरगाह और जल परिवहन दोनों की समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि पूर्वी भारत की क्षमता दशकों से काफी हद तक अप्रयुक्त रही है, लेकिन अब स्थिति बदल रही है क्योंकि अंतदेर्शीय जलमार्ग व्यापार और औद्योगिक विकास के नए रास्ते खोल रहे हैं। अपने संबोधन के शुरूआत में उन्होंने कहा कि आपका ये उत्साह, जोश बता रहा है कि बंगाल क्या सोच रहा है, बंगाल के मन में क्या चल रहा है। ब्रिगेड परेड ग्राउंड का इतिहास साक्षी है कि जब-जब बंगाल देश को दिशा देता है, ये ब्रिगेड मैदान बंगाल की आवाज बनता है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस मैदान से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उठी आवाज हिंदुस्तान में क्रांति बन गई थी। उसका नतीजा ये हुआ कि अंग्रेजों के अत्याचार और लूट का खात्मा हुआ। आज एक बार फिर ब्रिगेड ग्राउंड से नए बंगाल की क्रांति का बिगुल बज गया है। बंगाल में बदलाव अब दीवारों पर भी लिखा जा चुका है और बंगाल के लोगों के दिलों में भी छप चुका है। अब बंगाल से निर्मम सरकार का अंत होकर रहेगा, अब बंगाल से महाजंगलराज का खात्मा होगा। इसलिए बंगाल के हर कोने से आवाज उठ रही है - चाई बीजेपी सरकार, अबकी बार!



मोदी ने विपक्ष पर वार करते हुए कहा कि कल TMC ने इस रैली में आने वाले आप सभी लोगों को चोर कहकर गाली दी है। असली चोर कौन है, ये बंगाल की प्रबुद्ध जनता जानती है। अपनी कुर्सी जाते हुए देखकर यहां की निर्मम सरकार बौखला गई है। आज भी इस सभा को रोकने के लिए निर्मम सरकार ने सारे हथियार निकाल लिए। आप लोगों को आने से रोकने के लिए ब्रिज बंद करवा दिए, गाड़ियां रुकवा दी, ट्रैफिक जाम करवाया, भाजपा के झंडे उखड़वा दिए, पोस्टर फड़वा दिए। लेकिन निर्मम सरकार साफ-साफ देख लो, आज के जनसैलाब को रोक नहीं पाई हो। उन्होंने कहा कि बंगाल में महाजंगलराज लाने वालों का काउंट डाउन शुरू हो चुका है। वो दिन दूर नहीं, जब बंगाल में फिर से कानून का राज होगा। जो कानून तोड़ेगा, जो अत्याचार करेगा, TMC के किसी अत्याचारी को छोड़ा नहीं जाएगा, चुन-चुनकर हिसाब लिया जाएगा। मोदी ने कहा कि यहां की निर्मम सरकार चाहे अब जितना जोर लगा ले, परिवर्तन की इस आंधी को वो अब रोक नहीं पाएगी। भाजपा और ठऊअ के साथ महिषासुर मर्दिनी का आशीर्वाद है। श्री रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, ऋषि बंकिमचंद्र, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर, ईश्वरचन्द्र विद्यासागर, खुदीराम बोस, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसी सभी महान विभूतियों ने जिस बंगाल की कल्पना की थी। भाजपा की सरकार उस बंगाल का निर्माण करेगी, नवनिर्माण करेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक समय बंगाल पूरे भारत को गति देता था, बंगाल व्यापार और उद्योगों में सबसे आगे था। लेकिन आज यहां का युवा न डिग्री ले पा रहा है और न ही उसे रोजगार मिल पा रहा है।

आपके बेटे-बेटियों को काम की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ता है। पहले कांग्रेस, फिर कम्युनिस्ट और अब TMC... ये लोग एक के बाद एक आते रहे... अपनी जेबें भरते रहे... और बंगाल में विकास के काम ठप्प पड़े रहे। TMC सरकार का एक ही एजेंडा है। ये ळटउ वाले न खुद काम करेंगे, न करने देंगे। जब तक इनको अपना कटमनी नहीं मिल जाता, ये किसी भी योजना को गांव, गरीब तक नहीं पहुंचने देते।

## पश्चिम एशियाः विदेश मंत्रालय का बड़ा बयान, 5 भारतीयों की मौत, एक अब भी लापता

**नई दिल्ली, 14 मार्च।** अतिरिक्त सचिव (खाड़ी क्षेत्र) असीम महाजन ने शनिवार को बताया कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष में पांच भारतीय शहीद हो गए हैं, जबकि एक घायल हो गया है। उन्होंने कहा कि मिशन चौबीसों घंटे खुले हैं और सभी प्रकार की सहायता के लिए लगातार काम कर रहे हैं। महाजन ने ये बातें राष्ट्रीय राजधानी में पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों पर अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि पिछली घटना में पांच भारतीय शहीद हो गए हैं और एक लापता है। ओमान, इराक और यूएई में स्थित हमारे मिशन लापता भारतीय नागरिक के संबंध में संबंधित अधिकारियों के संपर्क में हैं और आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद मृतक के पार्थिव शरीर को शीघ्र स्वदेश वापस लाने के लिए प्रयासरत हैं।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्र में नाविकों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है और विदेश मंत्रालय बंदरगाह और जहाजरानी मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है। अतिरिक्त सचिव (खाड़ी) ने कहा कि बहरीन और कुवैत जैसे स्थानों के लिए, जहां से सीधी उड़ानें संचालित नहीं हो रही हैं, भारतीय नागरिकों को सऊदी अरब के रास्ते भारत आने के लिए वीजा विस्तार और ट्रांजिट वीजा में सहायता प्रदान की जा रही है।उन्होंने ओमान के सोहार शहर में हुए हमले के बारे में जानकारी दी, जिसमें दो भारतीयों की मृत्यु हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई है। हमारा मिशन घटनास्थल पर मौजूद है और हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। संबंधित ओमानी अधिकारियों, स्थानीय कंपनियों, अस्पतालों और प्रभावित भारतीयों के परिवारों के साथ निरंतर संपर्क में है। दूतावास दोनों मृत भारतीय नागरिकों के पार्थिव शरीर को शीघ्र भारत वापस लाने के लिए समन्वय कर रहा है। सेफसी विष्णु घटना के बारे में उन्होंने कहा कि सेफसी विष्णु के 15 चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया है ।

## अरविंद केजरीवाल पीएम मोदी पर निशाना साधा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि केंद्र द्वारा सोनम वांगचुक की हिरासत तत्काल प्रभाव से रद्द किए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार एक बार फिर बेनकाब हो गई है। पर एक पोस्ट में, केजरीवाल ने वांगचुक की बिना सबूत के हिरासत की आलोचना की और कहा कि इस स्पष्ट तानाशाही का पदार्फाश होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार एक बार फिर बेनकाब हो गई है। एक वैज्ञानिक और जलवायु कार्यकर्ता, जिन्होंने अपना जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया, को बिना किसी सबूत के गिरफ्तार कर लिया गया। जेल में बिताए महीने न केवल उनके लिए व्यक्तिगत नुकसान थे।

DAKS REHAB CENTRE
(PARALYSIS PHYSIOTHERPHY CENTER AND OLD AGE HOME)
Contact us: 9820519851
विल्डिंग नंबर 3, प्लॉट नंबर 3, आदर्श घरकुल सोसायटी सायन कोलीवाडा जीटीबी नगर मुंबई-37
* Stroke/Paralysis/Complete Rehab Centre
* बाहर से आये रोगी और उनके परिजनो के ठहरने कि व्यवस्था
* वृद्ध लोगों के लिए रहने की सुविधा उपलब्ध
* DM/HT/THYROID इन सब से कैसे बचें
* NGO में मिलनेवाली सहायता को लोगों में देना
* चिकिस्ता उपकरणो को किराये और बिक्री सुविधा उपलब्ध
* एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
* पोस्ट ऑपरेटिव रिहैब सेंटर
* मरीजों के लिए घर पर 12 और 24 घंटे जीडीए परिचारक
* विशेषज्ञ डॉक्टरो से ऑनलाइन और ऑफलाइन परामर्श की सुविधा उपलब्ध
* मासिक ईएमआई के आधार पर व्यक्तीयों, परिवारो और माता-पिता के लिए स्वास्थ्य निती की चिकिस्ता सुविधा उपलब्ध





# अंतरराष्ट्रीय संदर्भ, वैश्विक व्यापार चुनौतियां और भारत की रणनीति

अमेरिका में 20 जनवरी 2025 को डोनाल्ड ट्रम्प ने 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। ट्रम्प के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद से ही पूरी दुनिया में, विशेष रूप आर्थिक क्षेत्र में भारी उथल पुथल दिखाई दी है। ट्रम्प ने मेक अमेरिका ग्रेट अगेन - अमेरिका को पुनः महान बनायें - के नारे के साथ यह राष्ट्रपति चुनाव जीता था। अतः उन्होंने अमेरिका को एक बार पुनः विश्व के विनिर्माण हब के रूप में स्थापित करने का बीड़ा उठाया है। इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु उन्होंने विभिन्न देशों से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर टैरिफ लगाने का निर्णय लेते हुए, इस निर्णय को शीघ ही लागू भी कर दिया। उनका सोचना था कि उनके इस निर्णय से विभिन्न उत्पादों के निर्यातक अमेरिका में इन उत्पादों को निर्यात करने के



प्रति निरुत्साहित होकर इन उत्पादों का उत्पादन अमेरिका में ही प्रारम्भ कर देंगे। इस कार्य को यदि धीमे धीमे एवं संरचित रूप से किया जाता तो सम्भव है कि पूरे विश्व में अफरा तफरी जैसा माहौल नहीं बनता। परंतु, ट्रम्प ने कुछ देशों (चीन, आदि) से विभिन्न वस्तुओं के अमेरिका को होने वाले निर्यात पर 500 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी एवं अन्य देशों को भी लगातार इस प्रकार की धमकी देना प्रारम्भ कर दिया।

ट्रम्प ने भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न वस्तुओं के निर्यात पर भी 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया एवं 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ यह कहते हुए लगाया कि भारत, रूस से कच्चे तेल का आयात करता है एवं इसे प्रसंस्कृत करने के उपरांत यूरोपीय देशों को पेट्रोल एवं डीजल के रूप में निर्यात करता है। इस प्रक्रिया में ट्रम्प ने यह निष्कर्ष निकाला भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल को खरीदने से रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले को बल मिलता है और भारत इस युद्ध को अप्रत्यक्ष रूप से फंडिंग कर रहा है। इस प्रकार, भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर दिनांक 27 अगस्त 2025 से 50 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया गया है। इससे भारत के पूंजी (शेयर) बाजार में हाहाकर मच गया एवं विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार भारत से अपने निवेश को निकाल रहे हैं।

ट्रम्प अमेरिका में होने वाले विभिन्न वस्तुओं के आयात पर लगाए गए टैरिफ पर ही नहीं रुके बल्कि अपनी साम्राज्यवादी सोच को पुनः लागू करने के उद्देश्य को भी स्पष्ट रूप से झलका दिया। प्रभुतासम्पन्न देश वेनेजुएला के राष्ट्रपति को गिरफ्तार कर अमेरिका में लाया गया एवं उन पर अमेरिका में मुकदमा चलाया गया। दरअसल, अमरीका की नजर वेनेजुएला के कच्चे तेल के अपार भंडार पर है। जिस पर अमेरिका अपना कब्जा स्थापित करते हुए इसके उपयोग पर अपना नियंत्रण स्थापित करना चाहता है। साथ ही, डेनमार्क के नियंत्रण में एक द्वीप, ग्रीनलैंड पर अमेरिका अपना आधिपत्य स्थापित करना चाहता है। इसी प्रकार की धमकियां, मेक्सिको, क्यूबा, ईरान आदि देशों को भी दी गई हैं।

ट्रम्प के उक्त प्रकार के निर्णयों के चलते अब तो वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों के बीच आपसी सम्बंधो पर प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत भी अछूता नहीं रहा है एवं हाल ही के समय में भारत के अमेरिका के साथ सम्बन्धों में कुछ खटास आई है। अन्यथा, कुछ समय पूर्व तक भारत एवं अमेरिका एक दूसरे के रणनीतिक साझेदार माने जाते रहे हैं। विदेशी व्यापार के मामले में अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा साझीदार रहा है। भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात के मामले में भी अमेरिका प्रथम स्थान पर हैं। श्री ट्रम्प द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर लागू किए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के उपरांत भारत का विदेश व्यापार कुछ हद तक विपरीत रूप से प्रभावित हुआ है। परंतु, भारत ने इस समस्या का हल निकालने की रणनीति पर तुरंत विचार करना प्रारम्भ किया एवं कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न किए। ताकि, विशेष रूप अमेरिका को होने वाले वस्त्र एवं परिधान, जेम्स एवं ज्वेलरी, समुद्रीय पदार्थ, खिलौना उद्योग एवं चमड़ा उद्योग जैसे श्रम आधारित उद्योगों पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव को तुरंत ही रोका जा सके अथवा कम किया जा सके। अन्यथा, की स्थिति में भारत में बेरोजगारी की समस्या एक ज्वलंत समस्या के रूप खड़ी हो सकती थी। भारत ने उक्त उत्पादों के निर्यात हेतु रूस, चीन, जापान, आस्ट्रेलिया एवं यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के एवं नए बाजार तलाशे एवं इन देशों को उक्त उत्पादों का निर्यात प्रारम्भ किया। वर्ष 2025 में भारत ने विदेशी व्यापार परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए प्रमुख वैश्विक साझेदारों के साथ मौजूदा मुक्त व्यापार समझौतों पर गहन वार्ताओं और रणनीतिक अद्यतनों को अंतिम रूप देने का प्रयास किया है। वर्ष के अंत में, भारत ने यूनाइटेड किंगडम, ओमान एवं न्यूजीलैंड के साथ महत्वपूर्ण मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न किए। इसके साथ ही, अफ्रीकी देशों एवं लैटिन अमेरिकी देशों के साथ भी प्रारम्भिक वार्ताओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। इसका परिणाम यह हुआ है कि नवम्बर एवं दिसम्बर 2025 माह में भारत से विभिन्न वस्तुओं के निर्यात में वृद्धि दर को बनाए रखने में सफलता मिली है। सितम्बर एवं अक्टोबर 2025 माह में विशेष रूप से अमेरिका को भारत से होने वाले वस्तुओं के निर्यात पर कुछ विपरीत प्रभाव पड़ा था। 27 जनवरी 2026 को तो भारत ने यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देकर इतिहास ही बना डाला है। इस समझौते को ह्मदर आफ ऑल डील्सह की संज्ञा दी जा रही है। यह मुक्त व्यापार समझौता 18 वर्षों के उपरांत सम्भव हो सका है। अब तो कनाडा के राष्ट्रपति भी मार्च 2026 माह में भारत आने वाले हैं एवं कुछ क्षेत्रों में मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिए जाने की प्रबल सम्भावना है।

भारत द्वारा विभिन्न देशों के साथ किए जा रहे मुक्त व्यापार समझौतों का विश्व के अन्य देशों को सकारात्मक संदेश गया है। भारत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न कर रहा है। इससे, समझौता करने वाले देशों के नागरिकों की आर्थिक स्थिति में सुधार होने की सम्भावनाएं प्रबल हो रही हैं क्योंकि इन देशों में आर्थिक प्रगति के तेज होने के चलते इन देशों में खुशहाली आने की सम्भावनाएं बन रही हैं। इस दृष्टि से विभिन्न देशों का भारत के प्रति दृष्टिकोण हाल ही के समय में बदला है एवं वे अब भारत की ओर आशाभारी नजरों से देख रहे हैं। भारत एक युवा देश है एवं विभिन्न उत्पादों के लिए भारत एक विशाल बाजार के रूप में विश्व के सामने उपलब्ध है। विशेष रूप से इस धरा के दक्षिणी भाग के देश तो अब भारत के वैश्विक स्तर पर इन देशों का नेतृत्व करने के लिए श्रद्धा के भाव से उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं।

उक्त वर्णित परिस्थितियों के बीच भारत के सामने भी कुछ समस्याएं मुंह बाए खड़ी हैं। जैसे, अंतरराष्ट्रीय बाजार में डालर की तुलना में भारतीय रुपए की कीमत का लगातार गिरते जाना। एक अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपए की कीमत 92 रुपए के स्तर को भी पार कर गई है एवं वर्ष 2025 में भारतीय रुपए का लगभग 5 से 6 प्रतिशत के बीच अवमूल्यन हुआ है। दरअसल, यह समस्या, विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा भारतीय पूंजी (शेयर) बाजार से लगातार अपने निवेश को निकालने के चलते खड़ी हुई है। इससे अमेरिकी डॉलर का भारत से बाहर जाने का सिलसिला बढ़ गया है। इस समस्या के हल हेतु भारत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की मात्रा को बढ़ाने का प्रयास लगातार कर रहा है। साथ ही, भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात को भी गति देने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि भारत में अमेरिकी डॉलर के आने की मात्रा में वृद्धि हो। यदि भारत को इन प्रयासों में सफलता मिलती है तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए पर दबाव कुछ कम होगा।

ट्रम्प द्वारा हाल ही के समय में लिए गए निर्णयों के चलते वैश्विक स्तर पर प्रारम्भ हुई उथल पुथल को कम करने के लिए आज विश्व के कई देश भारत की ओर ही देख रहे हैं क्योंकि भारत अपने आप को विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाकर इस प्रकार की समस्याओं का हल निकालने का प्रयास कर रहा है एवं इस कार्य में भारत को कुछ सफलता प्राप्त होती हुई भी दिखाई दे रही है। भारत के पास युवा शक्ति की बेजोड़ उपलब्धता है, विभिन्न क्षेत्रों में इनके कौशल को विकसित कर, भारत आज पूरे विश्व को श्रमबल उपलब्ध करा सकने की क्षमता रखता है और भारतीय सनातन संस्कृति को हवसुधैव कुटुम्बकमह के भाव के साथ, पूरे विश्व में फैला सकता है ताकि विभिन्न देशों में हो रहे संघर्षों को कम अथवा समाप्त किया जा सके। - प्रहलाद सबनानी

# क्या राजनीति में 'रिटायरमेंट' एक अनैतिक शब्द है?

बहुत साल पहले एक बुद्धिमान व्यक्ति ने कहा था... लोग यह याद नहीं रखते कि आप घोड़े पर कैसे चढ़े, बल्कि यह याद रखते हैं कि आप कैसे उतरे।

सत्ता की कुर्सी पर बैठे व्यक्ति को यह याद रखना चाहिए कि वह वहाँ हमेशा के लिए नहीं है। यदि वह समय रहते उतरना नहीं जानता, तो इतिहास उसे धक्का देकर उतारता है। यह शब्द किसी दार्शनिक के नहीं, बल्कि उस राजनीतिक शुचिता के हैं जो आज के दौर में 'असंभव' जान पड़ती है।

हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के 49 वर्षीय नेता डेविड लिटिलप्राउड ने यह कहकर सबको चौंका दिया कि ₹मैं थक गया हूँ (I'm buggered), अब मुझमें वो ऊर्जा नहीं कि मैं नेतृत्व कर सकूं।₹ यह बयान महज एक इस्तीफा नहीं, बल्कि उन 'कुर्सी चिपकू' राजनेताओं के लिए करारा व्यंग्य है जो 76 की उम्र में भी '25 साल और बाकी हैं' का दंभ भरते हैं। बीते मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया की संसद में जो हुआ, उसने राजनीति की इस क्रूर परिभाषा को पूरी तरह बदल कर रख दिया। आस्ट्रेलिया की नेशनल पार्टी के नेता डेविड लिटिलप्राउड ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उनके पास संख्याबल कम नहीं था। पार्टी ने उनके खिलाफ कोई साजिश नहीं रची थी। कोई स्कैंडल सामने नहीं आया था। वह सिर्फ थक गए थे।

वो पल जिसने सबको चुप करा दिया

संसद में प्रश्नकाल खत्म होने के बाद डेविड लिटिलप्राउड अपनी पत्नी अमेलिया के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में आए। 49 साल के इस नेता के चेहरे पर थकावट साफ झलक रही थी। उन्होंने बोलना शुरू किया तो अंदाजा हो गया कि यह कोई आम राजनीतिक घोषणा नहीं है।

उन्होंने कहा, मैं एक ऐसे मोड़ पर आ गया हूं, जहां मुझे लगता है कि अब समय आ गया है। आंखों में नमी लिए लिटिलप्राउड ने कहा, मैं बुरी तरह थक चुका हूं। मेरा मन भर गया है। मैं नेशनल पार्टी से प्यार करता हूं, मैं इसी में पला-बढ़ा हूं, और मरते दम तक इसके हरे और सुनहरे रंगों के लिए खून बहाऊंगा। मैं इसे प्यार करता हूं, लेकिन अगर मैं कहूं कि मैं ही इसे आगे ले जाने के लिए सही व्यक्ति हूं, तो यह गलत होगा। मुझमें अब ऊर्जा नहीं है। इस दौरान एक शब्द जो उन्होंने बार-बार दोहराया वह था ₹बगर्ड₹ यानी बुरी तरह थका हुआ। यह शब्द अब ऑस्ट्रेलिया की राजनीति में अपनी अलग जगह बना चुका है।

कौन हैं डेविड लिटिलप्राउड?

डेविड लिटिलप्राउड ऑस्ट्रेलिया की नेशनल पार्टी के नेता थे। यह पार्टी ऑस्ट्रेलिया की लिबरल पार्टी के साथ मिलकर गठबंधन बनाती है। हमारे यहां भाजपा और शिवसेना या जदयू और राजद के गठबंधन की तरह। 2016 में पहली बार संसद पहुंचे लिटिलप्राउड जल्दी ही पार्टी के शीर्ष नेता बन गए। वह कृषि और जल संसाधन मंत्री भी रह चुके हैं।

मई 2022 में जब उन्होंने पार्टी की कमान संभाली, तब पार्टी बुरे दौर से गुजर रही थी। उनके पूर्ववर्ती बरनबी जॉयस का कार्यकाल विवादों से भरा रहा था। लेकिन लिटिलप्राउड के सामने चुनौतियां कम नहीं थीं। एक तरफ पॉलीन हैनसन की वन नेशन पार्टी ग्रामीण इलाकों में उनकी जड़ें काट रही थी, दूसरी तरफ उनके ही पूर्व नेता बरनबी जॉयस ने पार्टी छोड़ दी।

भारतीय परिदृश्य में नेहरू, 1962 की हार और ऐतिहासिक आत्मचिंतन

आमतौर पर माना जाता है कि नेहरू सत्ता के अंत तक प्रधानमंत्री बने रहे, लेकिन इतिहास के पन्ने कुछ और भी कहते हैं। 1962 के भारत-चीन युद्ध की हार ने नेहरू को भीतर तक तोड़ दिया था।

6 मई, 1962 को (युद्ध से पहले ही) उन्होंने कांग्रेस संसदीय दल से कहा था कि वे पद छोड़ना चाहते हैं। युद्ध के बाद, बीबीसी को दिए एक साक्षात्कार में जब उनसे उनकी विरासत और विफलता पर सवाल हुआ, तो नेहरू ने स्वीकार किया था कि ₹मैंने अपनी पूरी कोशिश की, लेकिन शायद अब समय आ गया है कि नई ऊर्जा और नए विचार देश की कमान संभालें। नेहरू ने अपनी सेवानिवृत्ति का फैसला पार्टी पर छोड़ा था, लेकिन उनके भीतर एक लोकतांत्रिक 'गिल्ट' (पछतावा) था।

कामराज प्लानः जब सत्ता को संगठन के चरणों में डाला गया

भारतीय राजनीति के सबसे महान 'त्याग' का उदाहरण 1963 का 'कामराज प्लान' है। के. कामराज, जो उस समय मद्रास के मुख्यमंत्री थे, ने नेहरू को सुझाव दिया कि बड़े नेताओं को सरकारी पद छोड़कर संगठन के काम में लगना चाहिए।

उस समय कामराज ने खुद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया। उनके पीछे-पीछे लाल बहादुर शास्त्री, जगजीवन राम, और मोरारजी देसाई जैसे 6 केंद्रीय मंत्रियों और 6 मुख्यमंत्रियों ने इस्तीफे सौंप दिए।

नेहरू की मृत्यु के बाद कामराज के पास प्रधानमंत्री बनने का स्पष्ट अवसर था। वे 'किंगमेकर' थे। लेकिन उन्होंने प्रसिद्ध वाक्य कहा



"No politics, no post" (न राजनीति, न पद)। उन्होंने शास्त्री और बाद में इंदिरा गांधी को आगे बढ़ाया, खुद कभी सत्ता की मलाई नहीं चखी।

नानाजी देशमुख और 60 साल का 'लक्ष्मण रेखा' संकल्प

भाजपा आज जिस 'नैतिकता' और 'अंत्योदय' की बात करती है, उसके पुरोधा नानाजी देशमुख ने 1977 में जनता पार्टी की सरकार में उद्योग मंत्री बनने से इनकार कर दिया था। उन्होंने घोषणा की थी कि 70 और 80 की उम्र तक सत्ता में बने रहना युवाओं के साथ अन्याय है। मैं 60 वर्ष की आयु में सक्रिय राजनीति छोड़ रहा हूँ। नानाजी ने चित्रकूट में रचनात्मक कार्य चुना लेकिन आज की भाजपा ने नानाजी के उस 'आदर्श' को कूड़ेदान में डाल दिया है।

वैश्विक परिदृश्य मोदी, ट्रंप और नेतन्याहू पर उठते सवाल

सत्ता का मोह केवल भारत तक सीमित नहीं है। आज पूरी दुनिया में Gerontocracy' (वृद्धों का शासन) पर बहस छिड़ी है। पहले भारत की बात करें तो हमारे यहां 75 पार नेताओं की कोई कमी नहीं है। शरद पवार की उम्र 85 साल है। नीतीश कुमार 75 के हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 17 सितंबर 2025 को 75 साल पूरे किए हैं। सोनिया गांधी भी 79 साल की हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे 83 के हैं।

यह वही उम्र है जिस पर भाजपा ने परंपरा के तौर पर कई वरिष्ठ नेताओं को सक्रिय राजनीति से सेवानिवृत्त कर दिया था। लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, आदि कई नेताओं को 75 साल की उम्र में पदमुक्त कर दिया गया था। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में तो पार्टी ने अपने 75 से अधिक उम्र के कई नेताओं को मंत्रिमंडल से हटाकर यह संकेत दे दिया था कि यही पार्टी की नीति है।

शरद पवार ने खुद पिछले साल सितंबर में एक इंटरव्यू में कहा था, मैं 75 साल की उम्र में नहीं रुका, अब मैं 85 साल का हूं और अभी भी काम कर रहा हूं। इसलिए मैं नरेंद्र मोदी को 75 के बाद रुकने के लिए नहीं कह सकता। मेरा कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

नरेंद्र मोदी जब 17 सितंबर 2025 को खुद 75 के हुए, तो नियम बदल दिए गए। गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया कि ₹भाजपा के संविधान में ऐसा कोई अनिवार्य रिटायरमेंट नहीं है।₹ पीएम ने खुद 'परीक्षा पे चर्चा' (फरवरी 2026) में कहा कि ₹75 पर किसी ने फोन किया, तो मैंने कहा 25 अभी बाकी हैं।

संघ प्रमुख का वक्तव्य और फिर पलटाव

इस पूरी बहस के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत का एक बयान बेहद चर्चित रहा। जुलाई 2025 में नागपुर में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा था -जब लोग आपको शॉल ओढ़ाने लगें, तो समझ जाइए कि अब संन्यास लेने का समय आ गया है। यह बयान उस समय आया था जब मोहन भागवत और नरेंद्र मोदी दोनों सितंबर 2025 में 75 साल पूरे करने वाले थे। भागवत 11 सितंबर को और मोदी 17 सितंबर को। मोदी ने तो भागवत के जन्मदिन पर उनकी विदाई के लिए बाकायदा लेख लिख डाला, हालांकि भागवत ने इसका प्रत्युत्तर नहीं दिया।

विपक्ष ने भागवत के बयान को प्रधानमंत्री के लिए संकेत बताया। शिवसेना (यूबीटी) के संजय राउत ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और जसवंत सिंह को 75 साल में रिटायर कर दिया। अब देखते हैं कि क्या वह यह नियम खुद पर लागू करते हैं। कांग्रेस नेता अभिषेक सिंघवी ने भी कटाक्ष किया था कि बिना आचरण के उपदेश खतरनाक होता है। मार्गदर्शक मंडल पर जो नियम लागू हुआ, वही अगर वर्तमान नेतृत्व पर लागू नहीं होता तो यह दोहरा मापदंड है। लेकिन फरवरी 2026 में आते-आते स्थिति साफ हो गई। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने साफ कह दिया कि वह तभी पद छोड़ेंगे जब संघ उनसे कहेगा। मुंबई में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, मैंने 75 साल पूरे कर लिए हैं और संघ को इसकी जानकारी दे दी है, लेकिन संघ ने मुझसे काम जारी रखने को कहा है। जब भी संघ कहेगा, मैं पद छोड़ दूंगा, लेकिन काम से कभी रिटायरमेंट नहीं होगा।

यानी वही शॉल ओढ़ाने वाली बात अब पीछे रह गई।

25 अभी बाकी हैं

फरवरी 2026 में ही 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी से जब उम्र का सवाल पूछा गया तो उन्होंने एक किस्सा सुनाया। उन्होंने कहा, 75वें जन्मदिन पर एक नेता ने मुझे फोन किया। उन्होंने कहा कि आपने 75 वर्ष पूरे कर लिए हैं, तो मैंने उनसे कहा - 25 अभी बाकी हैं।

यानी साफ संकेत कि वह 2047 तक काम करना चाहते हैं, जब देश आजादी के 100 साल मनाएगा। पार्टी के नेताओं ने भी साफ कर दिया है कि मोदी 2029 का चुनाव भी लड़ेंगे। गृह मंत्री अमित शाह पहले ही कह चुके हैं कि भाजपा के संविधान में 75 साल में रिटायरमेंट का कोई प्रावधान नहीं है।

राजनीति में कोई रिटायरमेंट नहीं

भारत से बाहर निकलकर देखें तो अमेरिका में भी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 79 वर्ष के हैं। अमेरिका में भी यह मांग उठी कि क्या 80 की दहलीज पर खड़ा व्यक्ति दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति चलाने की मानसिक क्षमता रखता है?

बेंजामिन नेतन्याहू 76 वर्ष के हैं, इजरायल में उन पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं और पद छोड़ने का भारी दबाव है, लेकिन वे 'राष्ट्रीय सुरक्षा' का हवाला देकर कुर्सी से चिपके हैं।

क्षमता और नैतिकता का सवाल

आज राजनीति में सवाल केवल उम्र का नहीं है। सवाल 'कार्य-निष्पादन' (Performance) का भी है। क्या 75 साल का व्यक्ति उसी गति से काम कर सकता है जो आज की AI-driven दुनिया मांगती है? सवाल यह भी है कि क्या 'नैतिकता' केवल भाषणों के लिए है? डेविड लिटिलप्राउड और न्यूजीलैंड की जेसिंडा अर्डर्न (जिन्होंने 42 साल में इस्तीफा दिया) ने साबित किया कि पद छोड़ना कमजोरी नहीं, बल्कि सबसे बड़ी ताकत है। अर्डर्न ने कहा था कि मेरे टैंक में अब और ईंधन नहीं बचा है। आदर्श स्थापित करने की जिम्मेदारी हमेशा सत्ता में बैठे लोगों की होती है। यदि आप नियम दूसरों के लिए बनाते हैं और खुद पर लागू नहीं करते, तो आप 'नेता' नहीं, केवल 'शासक' हैं। भारतीय राजनीति को आज फिर से एक 'कामराज प्लान' या 'नानाजी देशमुख संकल्प' की जरूरत है। अगर 49 साल का एक ऑस्ट्रेलियाई नेता यह कह सकता है कि मैं थक गया हूँ, तो हमारे यहाँ 80 साल के नेताओं को यह स्वीकार करने में क्या शर्म है कि अब नई पीढ़ी को मौका मिलना चाहिए? जैसा कि मैकियावेली ने कहा था शासक को शेर और लोमड़ी दोनों होना चाहिए, लेकिन आधुनिक संदर्भ में शासक को 'इंसान' भी होना चाहिए जिसे अपनी सीमाओं का भान हो।

दुनिया में ऐसे अनेक उदाहरण

लिटिलप्राउड अकेले नहीं हैं जिन्होंने सत्ता से ऊपर उठकर सोचा। न्यूजीलैंड की पूर्व प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न ने 2023 में ठीक ऐसे ही इस्तीफा दिया था। उन्होंने कहा था, मेरे पास टंकी में पर्याप्त ईंधन नहीं बचा है। वह भी 40 की उम्र में ही पीछे हट गईं।

भूटान के राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक ने लोकतंत्र की नींव मजबूत करने के लिए खुद सिंहासन त्याग दिया। उरुग्वे के राष्ट्रपति होसे मुहीका ने राष्ट्रपति भवन छोड़कर अपने खेत में रहना चुना और अपना ज्यादातर वेतन दान कर दिया।

लिटिलप्राउड का इस्तीफा हम भारतीयों के लिए कई सवाल खड़े करता है। हमारे यहां नेता बनने की होड़ है, लेकिन राजनीति छोड़ने की कला खत्म होती जा रही है। हमारे यहां 60 साल के नेता खुद को 'युवा' कहलवाते हैं और 75 साल के नेता अगले 25 साल का कार्यक्रम बना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी जब 2014 में सत्ता में आए थे, तब उन्होंने 75 से अधिक उम्र के नेताओं को मंत्रिमंडल से हटाकर एक नई परंपरा शुरू की थी। लेकिन अब जब वह खुद 75 के हो गए हैं, तो वही परंपरा खत्म हो गई। संघ प्रमुख ने भी शॉल वाली बात कही, लेकिन फिर पलट गए। सवाल यह है कि क्या सत्ता इतनी महत्वपूर्ण है कि उसके लिए हम अपने ही बनाए नियमों को भूल जाएं? क्या 49 साल में ₹मैं थक गया हूं₹ कहने वाला ऑस्ट्रेलियाई नेता ज्यादा सक्षम है, या 75 साल में ₹25 साल और बाकी हैं₹ कहने वाले भारतीय नेता? डेविड लिटिलप्राउड का इस्तीफा हमें एक जरूरी सबक सिखाता है। राजनीति में सबसे बड़ी ताकत सत्ता नहीं, बल्कि यह जानना है कि सत्ता छोड़ने का समय कब आ गया है। 49 साल के इस ऑस्ट्रेलियाई नेता ने वह कर दिखाया जो 85 साल के शरद पवार , 75 साल के नीतीश कुमार, 83 साल के मल्लिकार्जुन खड़गे, 79 साल की सोनिया गांधी या फिर खुद 75 साल के प्रधानमंत्री मोदी नहीं कर पाए। डेविड ने जो किया वह कमजोरी नहीं, बल्कि सबसे बड़ी ताकत है। यह ईमानदारी है। यह वही ईमानदारी है जो राजनीति में दिन-ब-दिन दुर्लभ होती जा रही है।

जैसा कि लिटिलप्राउड के सहयोगी एंगस टेलर ने कहा, ₹बहुत साल पहले एक बुद्धिमान व्यक्ति ने कहा था... लोग यह याद नहीं रखते कि आप घोड़े पर कैसे चढ़े, बल्कि यह याद रखते हैं कि आप कैसे उतरे। एक ऐसी दुनिया में जहां नेता अक्सर खुद को भगवान समझने लगते हैं और 75 साल में भी ₹25 अभी बाकी हैं₹ कहकर राजनीति में बने रहते हैं, वहां 49 साल में यह स्वीकारोक्ति कि मैं थक गया हूं शायद सबसे बड़ी मानवीय और राजनीतिक ईमानदारी है। **(ओंकारेश्वर पांडेय -विनायक फीचर्स)**

# ईरान अमेरिका युद्ध परिणाम और भारत का पक्ष

अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर बड़े हमले किए गए। जिनका मुख्य कारण ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकनाए उसके बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को नष्ट करना और क्षेत्र में ईरानी शासन के खतरों को समाप्त करना बतलाया गया है। अमेरिका ने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) के खतरों को खत्म करने और मध्य पूर्व में ईरानी प्रभाव को कम करने के लिए ये सैन्य कार्रवाई की। इस कार्यवाही में, अयातुल्ला अली खामेनेई, जो कि ईरान के सरगना थे मारे गए। फिर भी अमेरिका ने इस्फहान, कराज, करमानशाह, कुम और तब्रीज में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर अतिरिक्त हमले किए। जिसके बाद ईरान ने तुरंत जवाबी कार्रवाई करते हुए बहरीन, कुवैत, कतर और संयुक्त अरब अमीरात सहित पूरे मध्य पूर्व में इजराइल और अमेरिकी ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं । ईरानी परमाणु कार्यक्रम का इतिहास और सच

ईरान कम से कम 1957 से परमाणु कार्यक्रम चला रहा है, जिसमें उसे अलग-अलग स्तर की सफलता मिली है। ने 1990 के दशक में इस कार्यक्रम के अनुसंधान में सहयोग के लिए चीन और रूस के साथ कई समझौते किए। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के लिए अन्य देशों के द्वारा भी गहन प्रयास किए गए। जिसके लिए ईरान सहमत तो हो गया, लेकिन उसने केवल परमाणु ऊर्जा के लिए अपने सेंट्रीफ्यूज रखने पर जोर दिया। हालांकि, उसने आईएई, को पारदर्शी रिपोर्टिंग करने की अपनी प्रतिबद्धता का पालन नहीं किया और गुप्त गतिविधियां जारी रखीं परिणामस्वरूप संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा



परिषद ;यूएनएससीद्ध में मामला भेज दिया गया। जिसके बाद ईरान पर कई प्रतिबंध लगाए गए 2011 और 2015 के बीचए अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बढ़ते प्रभावों के कारण ईरान की स्थिति बिगड़ गई। और वहां की अर्थव्यवस्था गिर गई साथ ही बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच गई। इसके बाद ईरान में हसन रूहानी सरकार के सत्ता में आ जाने के बाद 2015 में जेसीपीओ (JCPOA) पर हस्ताक्षर किए गए थे। प्रमुख पक्षों द्वारा समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इसे मंजूरी दे दी। संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव 2231, प्रतिबंधों में राहत का मार्ग प्रशस्त करता है। हालांकि जेसीपीओ ने ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को सीमित कर दिया, लेकिन उसकी क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाएं बढ़ती रहीं। ईरान ने अपनी इन महत्वाकांक्षाओं को जारी रखा। इसके माध्यम से शिया उग्रवादियों को हथियारबंद करना और प्रशिक्षण देना आदि सम्मिलित था। ईरान ने फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास को वर्षों तक सैन्य सहायता और प्रशिक्षण प्रदान किया था, जिसके चलते 7 अक्टूबर, 2023 को हमास ने इजराइल पर हमला किया था।

ट्रंप प्रशासन और ईरान के संबंध

ट्रम्प प्रशासन ने ईरान को दबाव में लाने के लिए अधिकतम दबाव की रणनीति अपनाई। बातचीत की मेज पर, ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम पर जेसीपीओ के प्रतिबंधों का उल्लंघन करना शुरू कर दिया, जिससे तनाव बढ़ गया। अप्रैल 2019 में, संयुक्त राज्य अमेरिका ने आईआरजीसी को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया। 2024 में हुए ईरान इजराइल युद्ध के बाद अमेरिका ने इजराइल का सहयोग करते हुए ईरान के कई ठिकानों पर हमले किए।

ईरान के तेल के ठिकानों, रक्षा उपकरणों के उत्पादन केंद्र को भी निशाना बनाने की बात ट्रंप प्रशासन द्वारा की गई है।

भारत का पक्ष

एक और जब भारत एशिया की उभरती हुई महाशक्ति बनने जा रहा है ऐसे में अमेरिका और ईरान के मध्य ये जंग सम्पूर्ण विश्व को ऊर्जा संकट में डालने के लिए काफी हैं। एक ओर जहां भारत और इजराइल संबंधो की घनिष्ठता है दूसरी और अमेरिका के साथ भी हमारे संबंध पहले से बेहतर होते जा रहे हैं अब ईरान के साथ भी भारत के व्यापारिक संबंध है। इन हालातों में भारत को शांति का ही पक्षधर बनना उचित होगा। विवाद के समाधान के लिए दोनों पक्षों को आपस मे बैठकर मुद्दे सुलझाने होगे। क्योंकि अगर अमेरिका नहीं रुका तो ईरान को सहयोग देने वाले राष्ट्र भी ईरान के कंधे में बंदूक रखकर चलाएंगे और संपूर्ण एशिया में भयंकर तबाही होगी आने वाले कई सालों का ईंधन चंद दिनों में धू धू कर के जल जाएगा। जिन ऊर्जा संसाधनों के लिए युद्ध हो रहे हैं यदि उनके श्रोत ही नष्ट कर दिये गए तो फिर हमारे हाथ में राख के ढेर के सिवा आखिर क्या बचेगा।

**-डॉ. अंशुल उपाध्याय**
**फॉर्मर यूजीसी सीनियर फैलो, रक्षा एवं स्ट्रेटजिक अध्ययन विभाग**

# अफगानिस्तान और ईरान के बीच युद्धों में फंसे पाकिस्तान के सामने कठिन विकल्प

पाकिस्तान दो संघर्षों के बीच फंसा हुआ है। पश्चिम में अफगानिस्तान में, कभी उसके संरक्षण में रहे तालिबान के साथ संबंध बेहद बिगड़ गए हैं और अब वे पूर्ण युद्ध की स्थिति में हैं। दक्षिण-पश्चिम में ईरान के साथ युद्ध जारी है, जिसका असर सऊदी अरब पर भी पड़ रहा है, जिसके साथ पाकिस्तान का पारस्परिक रक्षा समझौता है।

ईरान युद्ध के कारण पैट्रोल और डीजल की कीमतों में 55 पाकिस्तानी रुपए प्रति लीटर की वृद्धि हुई है। पहले से ही कमजोर अर्थव्यवस्था पर पड़ रहे इस नए दबाव के साथ, अफगानिस्तान में अपने सैन्य अभियानों को जारी रखना और सऊदी अरब की मदद के लिए संभावित रूप से एक नया अभियान शुरू करना वित्तीय दृष्टि से बहुत कम समझदारी भरा लगता है, खासकर ऐसे समय में, जब अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आई.एम.एफ.) के अधिकारी 7 अरब डॉलर के राहत पैकेज से संबंधित समीक्षा दौरे पर हैं।

बलूचिस्तान में भी संघर्ष जारी है। इसके अलावा, दोनों संघर्ष पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा स्थिति को और खराब कर सकते हैं। ईरान युद्ध से उग्रवाद को बढ़ावा मिल सकता है, जबकि आतंकवादी समूह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टी.टी.पी.) अफगानिस्तान युद्ध का बदला ले सकता है। पहले ही, पूरे पाकिस्तान में शिया समुदाय द्वारा पूजे जाने वाले अयातुल्ला अल खामेनेई की हत्या के विरोध में हुए प्रदर्शनों में 20 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। पाकिस्तान अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपने नए सौहार्दपूर्ण संबंधों को खतरे में नहीं डाल सकता लेकिन ईरान के साथ उसके संबंध भी महत्वपूर्ण हैं। इसलिए, इस्लामाबाद ने ईरान पर हुए पहले हमले की निंदा की लेकिन हमलावर का नाम नहीं बताया। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने पिता के उत्तराधिकारी बनने पर मुजतबा खामेनेई को बधाई दी और अयातुल्ला के निधन पर शोक व्यक्त किया, साथ ही उन खाड़ी देशों के प्रति एकजुटता भी व्यक्त की, जिन पर ईरान ने हमला किया है। इन देशों में इस्लामाबाद के लिए सबसे महत्वपूर्ण सऊदी अरब है, जो उसका लंबे समय से हितैषी रहा है। पिछले साल सितंबर में, दोनों देशों ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे कि किसी भी देश के खिलाफ आक्रामकता को दोनों देशों के खिलाफ आक्रामकता माना जाएगा। आज अगर सऊदी अरब के लिए युद्ध की स्थिति और बिगड़ती है, तो दुनिया यह देखेगी कि पाकिस्तान अपने समझौते का पालन कैसे करता है।

पाकिस्तान के ईरान के साथ संबंध जटिल हैं। शिया-सुन्नी विभाजन एक कारण है, वहीं अमरीका के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने के लिए पाकिस्तान के प्रयास दूसरा कारण हैं। दोनों देश 900 किलोमीटर लंबी सीमा सांझी करते हैं, जिसके दोनों ओर पाकिस्तान का बलूचिस्तान और ईरान का सिस्तान तथा बलूचिस्तान स्थित हैं, जहां बलूच विद्रोह सुलग रहा है। 2024 में, ईरान ने पाकिस्तान की सीमा के अंदर हमला किया और पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई की, दोनों देशों ने आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया। तब से, संबंधों को सुधारने के लिए कुछ प्रयास किए गए हैं। लेकिन पराजित या कमजोर ईरान इस्लामाबाद के हित में नहीं है। अगर ईरान अपनी सीमा की सुरक्षा नहीं कर पाता है, तो बलूच उग्रवादियों का हौसला बढ़ेगा। इस्लामाबाद अपने पड़ोसी देश में इसराईल समर्थित कठपुतली नेतृत्व भी नहीं चाहेगा। इसके अलावा, बलूचिस्तान ईरान सीमा के पार से होने वाले व्यापार और आपूर्ति पर बहुत अधिक निर्भर है, जबकि ईरान और खाड़ी देशों में काम करने वाले लाखों पाकिस्तानी अपने घर पैसे भेजते हैं। इसके अलावा, यह तथ्य भी है कि लगभग वे सभी देश, जो अफगानिस्तान के साथ उसके युद्ध में मध्यस्थता कर सकते थे, अब अपने ही युद्धों में व्यस्त हैं। हालांकि, पाकिस्तान भले ही मुश्किल हालात में है, फिर भी वह एकमात्र ऐसा देश है, जो इस संघर्ष में शामिल सभी पक्षों से बातचीत कर सकता है। पाकिस्तान के रक्षा एवं सुरक्षा विशेषज्ञ अली के चिश्ती ने दावा किया, ह्यह्यईरान के मुद्दे पर पाकिस्तान नीतिगत गतिरोध का सामना कर रहा है। हालांकि, उसने इस अवसर का लाभ उठाते हुए ईरान के साथ अपने संबंधों को सक्रिय रूप से मजबूत किया है, जिसके चलते ईरान ने सऊदी अरब को अन्य देशों की तरह बेरहमी से निशाना नहीं बनाया। इसलिए यह पाकिस्तान के लिए एक जीत है। अफगानिस्तान से टकराव : यहां विवाद की जड़ टी.टी.पी. है, जिसका मूल सिद्धांत इस्लामी जिहाद पर आधारित था, जिसके तहत वह पाकिस्तान को कुरान की सख्त व्याख्या का पालन करने वाले एक अमीरात के रूप में चलाना चाहता था। लेकिन धीरे-धीरे इसने खैबर पख्तूनख्वा की पश्तून आबादी की कई पुरानी स्थानीय शिकायतों का फायदा उठाना शुरू कर दिया। टी.टी.पी. एक घातक संगठन है, जिसने अकेले पिछले कुछ वर्षों में आतंकी हमलों में हजारों लोगों की जान ली है। उस पर नकेल कसने के कई प्रयास विफल होने के बाद, पाकिस्तान ने 27 फरवरी को अफगानिस्तान में बमबारी शुरू कर दी, जिसके जवाब में दूसरी तरफ से भी बमबारी की गई। काबुल ने अब तक पीछे हटने का कोई संकेत नहीं दिया है। **-याशी**

# संभल में नमाज पर रोक के मुद्दे पर हाईकोर्ट सख्त, प्रशासन को लगाई फटकार



प्रयागराज (उत्तरशक्ति)। संभल में नमाजियों की संख्या सीमित करने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई है। Allahabad High Court की खंडपीठ ने स्पष्ट कहा कि मस्जिद में नमाज जिस तरह पहले होती थी, उसी तरह जारी रहेगी और नमाजियों की संख्या सीमित नहीं की जा सकती। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति Justice Atul Sreedharan और न्यायमूर्ति Justice Siddharth Nandan की बेंच ने सुनवाई के दौरान की। अदालत ने कहा कि यदि जिला प्रशासन कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्षम नहीं है तो संबंधित अधिकारी अपने पद से इस्तीफा दे दें या फिर अपना स्थानांतरण करा लें। कोर्ट ने यह भी कहा कि प्रशासन का दायित्व है कि वह सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता के साथ अपनी आस्था का पालन करने का अधिकार सुनिश्चित करे। नमाज के दौरान मस्जिद में आने वाले लोगों की संख्या को सीमित करना उचित नहीं है। इस मामले में अदालत की टिप्पणी के बाद प्रशासनिक कार्रवाई और आगे की सुनवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

# बंगाल से काशी तक विकास की गूंज, दिखा सांस्कृतिक एकता का झलक

-सुरेश गांधी

वाराणसी. आध्यात्मिक नगरी काशी में शनिवार को एक अनूठा दृश्य देखने को मिला, जब बंगाल से प्रसारित प्रधानमंत्री के संबोधन की गूंज काशी की गलियों तक सुनाई दी। पश्चिम बंगाल से विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण के बाद दिए गए प्रधानमंत्री के संदेश को वाराणसी में बसे बंगीय समाज ने सामूहिक रूप से लाइव प्रसारण के माध्यम से सुना और देश के विकास पर गर्व व्यक्त किया।

ऐतिहासिक पांडेय हवेली स्थित बंगाली टोला इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बंगीय समाज के लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। काशी में बसे बंगाली परिवार बड़ी संख्या में कार्यक्रम स्थल पर जुटे और प्रधानमंत्री के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर काशी की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक एकता का अनूठा उदाहरण भी देखने को मिला, जहां बंगाल की सांस्कृतिक छाया बनारस की परंपरा के साथ सहज रूप से घुलती नजर आई।



कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत वंदे मातरम गीत के साथ हुई। जैसे ही प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण आरंभ हुआ, उपस्थित लोगों ने गंभीरता से उनके विचारों को सुना। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है और काशी भी इस परिवर्तन का साक्षी बन रही है। वक्ताओं ने कहा, काशी केवल धार्मिक और आध्यात्मिक केंद्र ही नहीं है, बल्कि यह सांस्कृतिक समन्वय की भूमि भी है, जहां देश के विभिन्न प्रांतों के लोग अपनी परंपराओं के साथ रहते हुए काशी की संस्कृति में रच-बस जाते हैं। बंगीय समाज भी काशी की इसी बहुरंगी सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यक्रम के दौरान काशी में निवास कर रहे बंगीय समाज के उन प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने समाजसेवा, शिक्षा और सांस्कृतिक संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। सम्मानित होने वालों में पूर्णिमा दास, चंदा चटर्जी, उद्योगपति देव भट्टाचार्य, बंगीय समाज के सचिव देवाशीष दास तथा चंद्रनाथ मुखर्जी शामिल रहे। इन्हें अभिषेक मिश्रा और आशुतोष पॉल ने अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण कर सम्मानित किया। सम्मानित व्यक्तियों के प्रति उपस्थित लोगों ने तालियों की गूंज के साथ अपनी खुशी और सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम के संयोजक भाजयुमो काशी क्षेत्र के महामंत्री आशुतोष पॉल तथा स्थानीय पार्षद चंद्रनाथ मुखर्जी थे। कार्यक्रम का संचालन अमित राय ने किया। उन्होंने प्रधानमंत्री के विचारों को समाज और राष्ट्रनिर्माण के संदर्भ में जोड़ते हुए कहा कि देश के विकास में जनभागीदारी ही सबसे बड़ी शक्ति है। धन्यवाद ज्ञापन पार्षद चंद्रनाथ मुखर्जी (चादू दादा) ने किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश तेजी से विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है और काशी सहित पूरे देश को इसका लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि काशी आज विकास और सांस्कृतिक समन्वय का जीवंत उदाहरण बन चुकी है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की प्रगति पर गर्व व्यक्त करते हुए आयोजन की सफलता के लिए आयोजकों को बधाई दी। काशी में आयोजित इस कार्यक्रम ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि यह शहर केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समन्वय की भी जीवंत मिसाल है। कार्यक्रम में बंगीय समाज के अनेक गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से तरुण मुखर्जी, विश्वजीत शास्त्री, देव भट्टाचार्य, आसित कुमार दास, देवाशीष दास, श्रीमती चंद्र चटर्जी, आशुतोष पॉल, नवरतन राठी, कन्हाई चंद्र तालापात्र, कार्तिक नदी, तनुश्री मुखर्जी, सरवानी धारा, नंदिता चटर्जी, अनीता, मंडल अध्यक्ष सोमनाथ यादव सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए जरूरी खबर, नेगेटिव बैलेंस पर स्वतः कट जाएगी बिजली




लखनऊ (उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण व्यवस्था लागू कर दी गई है। अब यदि उपभोक्ता के स्मार्ट मीटर खाते में बैलेंस शून्य या नेगेटिव हो जाता है तो बिजली आपूर्ति स्वतः बंद हो जाएगी। यह व्यवस्था 13 मार्च से पूरे प्रदेश में लागू कर दी गई है। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के चेयरमैन आशीष गोयल ने बताया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को रिचार्ज समाप्त होने से पहले ही अपने मीटर को रिचार्ज कर लेना चाहिए, ताकि उन्हें बिजली कटौती की समस्या का सामना न करना पड़े। किसी भी प्रकार की जानकारी और सुविधा के लिए उपभोक्ता यूपीपीसीएल के आधिकारिक मोबाइल ऐप का उपयोग कर सकते हैं। प्रदेश में अब तक लगभग 70.80 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें से करीब 70.50 लाख प्रीपेड स्मार्ट मीटर हैं। पावर कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के अनुसार इस व्यवस्था का उद्देश्य उपभोक्ताओं को पारदर्शी, सटीक और सुविधाजनक बिजली सेवा उपलब्ध कराना है। अधिकारियों ने बताया कि यदि प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ता के खाते में बैलेंस समाप्त हो जाता है तो बिजली आपूर्ति अपने आप बंद हो जाएगी। उपभोक्ता यूपीपीसीएल की वेबसाइट, मोबाइल ऐप, भीम, फोनपे, गूगल पे जैसे डिजिटल माध्यमों से घर बैठे रिचार्ज कर सकते हैं। इसके अलावा विभागीय काउंटरों पर भी रिचार्ज की सुविधा उपलब्ध है। स्मार्ट मीटर से सटीक बिलिंग, कम मानवीय हस्तक्षेप और नियमित बिलिंग की सुविधा मिलेगी। वहीं प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बिजली बिल में दो प्रतिशत की छूट का लाभ भी दिया जा रहा

# गर्भाशय कैंसर से बचाव के लिए तेज हुआ अभियान

## चोरसंड व धमार्पुर में स्वास्थ्य विभाग ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। गौराबादशाहपुर क्षेत्र में गर्भाशय मुख के कैंसर से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने मानव पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला स्तर पर प्रशिक्षण के बाद अब विकास खंड स्तर पर स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक किशोरियों तक यह टीका पहुंचाया जा सके। शनिवार को कम्युनिटी हेल्थ सेंटर चोरसंड में अधीक्षक डॉ०श्रवण कुमार यादव ने अस्पताल आए करीब 48 मरीजों व उनके परिजनों को टीकाकरण के प्रति जागरूक किया। वहीं प्राइमरी हेल्थ सेंटर धमार्पुर में प्रभारी डॉ०इंद्रजीत यादव ने 28 मरीजों और उनके साथ आए लोगों को इस टीके के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए अपनी बच्चियों को टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. श्रवण कुमार यादव ने बताया कि जिलाधिकारी डॉ०दिनेश चंद्र और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ०प्रभात कुमार के मार्गदर्शन में धमार्पुर विकास खंड और नगर पंचायत गौराबादशाहपुर के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बच्चियों को यह टीका लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह टीका भविष्य में होने वाले गर्भाशय मुख के कैंसर से बचाव के लिए बेहद प्रभावी है और इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं है। यह टीका जीवन में केवल एक बार लगाया जाता है। इस दौरान अधीक्षक ने बैठक कर अधीनस्थ कर्मचारियों, एएनएम और स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में टीकाकरण को लेकर फैलाई जा रही अफवाहों पर रोक लगाएं और अधिक से अधिक पात्र बच्चियों का टीकाकरण सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में निरीक्षण अधिकारी विनोद जोशी, सहायक लेखा अधिकारी अभिषेक मौर्य, विनय बहादुर, डॉ०इंद्रजीत यादव, अमित साहू, राजेश कुमार समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# डॉ. सत्यवान हालमारकर ने एनसीपी के राष्ट्रीय सचिव संजय प्रजापति से दिल्ली में की मुलाकात



नई दिल्ली। प्रजापति समाज की राजनीतिक सहभागिता को मजबूत बनाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ के गोवा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सत्यवान हालमारकर ने शुक्रवार को दिल्ली में एनसीपी के राष्ट्रीय सचिव संजय प्रजापति से उनके कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच प्रजापति समाज को राजनीतिक रूप से संगठित करने, युवाओं को नेतृत्व में आगे लाने तथा गोवा में प्रस्तावित प्रजापति समाज के राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में यह भी बताया गया कि प्रस्तावित अधिवेशन में देश-भर से प्रजापति समाज के प्रतिनिधि शामिल होंगे। अधिवेशन के दौरान समाज के राजनीतिक, शैक्षिक और आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विशेष विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही अधिवेशन की तारीख और कार्यक्रम की औपचारिक घोषणा जल्द किए जाने की जानकारी भी दी गई।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने की निर्वाचन कार्यों की समीक्षा, प्रगति बढ़ाने के दिए निर्देश



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में निर्वाचन से संबंधित बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा क्षेत्र-366 जौनपुर में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत लॉजिकल डिस्क्रिपेंसीज, नो मैपिंग, नोटिस निर्गमन सहित विभिन्न कार्यों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एसआईआर से संबंधित कार्य गतिमान है। विधानसभा जौनपुर में अब तक 94 प्रतिशत प्रगति दर्ज की गई है, जो जनपद के अन्य विधानसभा क्षेत्रों की तुलना में अपेक्षाकृत कम है। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार अनमैप्ड मतदाताओं की शत-प्रतिशत सुनवाई, साक्ष्य मिलान तथा लॉजिकल डिस्क्रिपेंसीज के निस्तारण के कार्य को गति देते हुए समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, ईआरओ विधानसभा जौनपुर इंद्रनंदन सिंह, एईआरओ, नगर पालिका के ईओ पवन कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जौनपुर : पीडीए समाजवादियों से सदर सीट पर प्रतिनिधित्व देने की अपील



-डॉ. इम्तियाज अहमद

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। ज़िले के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाजवादियों से एक अपील सामने आई है, जिसमें कहा गया है कि सदर की एकमात्र सीट ऐसे व्यक्ति के हक में जानी चाहिए, जिनकी भूमिका से जिले की आठों विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों की ताजपोशी संभव हो पाती है। अपील में कहा गया है कि पार्टी और संगठन के मजबूत भविष्य तथा 2027 के मिशन को आसान बनाने के लिए इस बात को शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाना जरूरी है। समाजवादी विचारधारा से जुड़े कार्यकताओं ने इस मांग को पार्टी की रणनीति के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अगर पीडीए समाज के संतुलन और प्रतिनिधित्व का ध्यान रखा गया, तो आने वाले चुनावों में संगठन और भी मजबूत होगा। यह अपील आपका समाजवादी अकलियत समाज की ओर से जारी की गई है, जिसमें जिले के समाजवादियों से एकजुट होकर इस मुद्दे को आगे बढ़ाने की बात कही गई है।

# गैस की कीमतों में वृद्धि के विरोध में किया प्रदर्षन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन देश में बढ़ती महंगाई, एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि और गैस की किल्लत के विरोध में किया गया।पार्टी के राष्ट्रीय नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर कार्यकताओं ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की और राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राम रतन विश्वकर्मा ने कहा कि हाल ही में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में 60 रुपये और कमर्शियल सिलेंडर में 120 रुपये की बढ़ोतरी गरीब और मध्यम वर्ग पर सीधा हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है और छोटे व्यापारियों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।गैस की किल्लत के कारण होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े लाखों छोटे कारोबारी प्रभावित हो रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष श्वेता चैधरी ने बताया कि देश में उपयोग होने वाली लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी विदेशों से आयात की जाती है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का असर ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ रहा है। आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने इस संकट से निपटने के लिए कोई ठोस रणनीति नहीं बनाई है। उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिका के दबाव में रूस से सस्ता तेल खरीदने में कमी करने के कारण देश को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, जिसका बोझ महंगाई के रूप में जनता पर पड़ रहा है।

# सैनी इंडिया ने आंध्र प्रदेश के नेशनल एकेडमी ऑफ कंस्ट्रक्शन में पहली ऑल-वुमन एक्सकेवेटर ट्रेनिंग बैच को सहयोग दिया




मुंबई/ हैदराबाद। भारत के निर्माण क्षेत्र में लैंगिक समावेशन और कौशल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सैनी इंडिया ने आंध्र प्रदेश के नेशनल एकेडमी ऑफ कंस्ट्रक्शन में पहली बार पूरी तरह महिलाओं की एक्सकेवेटर ऑपरेटर ट्रेनिंग बैच को संभव बनाया है। 22 महिला प्रशिक्षुओं के इस अग्रणी बैच ने मार्च 2026 में सफलतापूर्वक अपना प्रमाणन पूरा किया। यह उपलब्धि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के साथ मेल खाती है और इस कार्यक्रम के मजबूत महिला सशक्तिकरण उद्देश्य को और भी मजबूती देती है।

इस व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन सैनी र 120 एक्सकेवेटर पर किया गया, जिसमें मशीन सैनी इंडिया द्वारा ठअउ को उपलब्ध कराई गई, ताकि प्रशिक्षुओं को व्यावहारिक और उद्योग-तैयार कौशल प्रशिक्षण मिल सके। प्रशिक्षण का पाठ्यक्रम भी सैनी इंडिया द्वारा तैयार किया गया, जिससे यह वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं और वास्तविक परिचालन आवश्यकताओं के अनुरूप रहे। प्रशिक्षण की गुणवत्ता के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए ठअउ के प्रशिक्षकों को महिला प्रशिक्षुओं के लिए कार्यक्रम शुरू करने से पहले सैनी इंडिया द्वारा प्रशिक्षित और प्रमाणित किया गया। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद प्रतिभागियों को इन्फ्रास्ट्रक्चर इक्विपमेंट स्किल काउंसिल के ढांचे के तहत प्रमाणन प्रदान किया गया, जिससे देशभर में बुनियादी ढांचा और निर्माण परियोजनाओं में उनके रोजगार के अवसर मजबूत होंगे। NAC सभी उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं को प्लेसमेंट सहायता भी प्रदान करेगा, ताकि प्रशिक्षण से रोजगार तक उनका संक्रमण सहज हो सके। संजय सक्सेना, सीओओ, सैनी इंडिया ने कहाः सैनी इंडिया में हमारा मानना है कि वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब वह सभी को साथ लेकर चले। महिलाओं को विश्व-स्तरीय कौशल और प्रमाणन देकर हम न केवल उनके करियर को आकार दे रहे हैं, बल्कि भारत के निर्माण क्षेत्र को भी मजबूत बना रहे हैं। महिला दिवस के साथ जुड़ी यह बैच अवसर, आत्मविश्वास और क्षमता का प्रतीक है।

# लखनऊ में सुन्नी प्रतिनिधिमंडल शिया नेताओं से करेगा मुलाकात




लखनऊ (उत्तरशक्ति)। राजधानी लखनऊ में आज सुन्नी समाज का एक प्रतिनिधिमंडल प्रमुख शिया धर्मगुरुओं से मुलाकात करेगा। यह मुलाकात रहबर-ए-इंकलाब हजरत अयातुल्ला अली खामेनेई की शहादत पर गहरा दुख व्यक्त करने और उम्माह के बीच एकता का पैगाम देने के उद्देश्य से की जा रही है। जानकारी के अनुसार, लखनऊ की सिविल सोसाइटी से जुड़े लोग और सुन्नी उलेमा शिया धर्मगुरुओं मौलाना सैफ अब्बास, मौलाना यासूब अब्बास और अफताब-ए-शरीयत मौलाना डॉ. कल्बे जवाद नकवी से उनके आवासों पर जाकर मुलाकात करेंगे और पश्चिमी-इजराइली हमलों में अयातुल्ला खामेनेई की शहादत पर ताज़ियत पेश करेंगे। कार्यक्रम के तहत अफताब-ए-शरीयत मौलाना डॉ. कल्बे जवाद नकवी के निवास पर आज दोपहर 3 बजे प्रतिनिधिमंडल मुलाकात करेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में डॉ. अनीस अंसारी (आईएएस), पूर्व विधायक रेहान नईम, फैसल मलिक (जमात-ए-इस्लामी), तारिक सिद्दीकी, सैफ नकवी, जावेद मुहम्मद और अमीक जामेई समेत कई प्रमुख लोग शामिल रहेंगे। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि इस मुलाकात का मकसद गम के इस मौके पर एकजुटता दिखाना और उम्माह के बीच भाईचारे व एतहाद का संदेश देना

# ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने मड़ियाहूं विद्युत उपकेंद्र का किया औचक निरीक्षण



जौनपुर ( उत्तरशक्ति )। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने मिजार्पुर से सुल्तानपुर जाते समय जौनपुर के मड़ियाहूं स्थित विद्युत उपकेंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपकेंद्र की विद्युत व्यवस्था, विभिन्न फीडरों की स्थिति और क्षेत्र में हो रही बिजली आपूर्ति के बारे में विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने उपकेंद्र में रखे रजिस्टरों का अवलोकन किया और संचालन व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान लॉग शीट भरने में अनियमितता पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित कर्मचारियों को कार्य में लापरवाही न बरतने की सख्त हिदायत दी। मौके पर जूनियर इंजीनियर (जेई) के अनुपस्थित मिलने पर ऊर्जा मंत्री ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्युत उपकेंद्रों पर तैनात अधिकारी व कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें, जिससे उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विद्युत व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए नियमित निरीक्षण और मॉनिटरिंग की जा रही है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# लायन्स क्लब औरंगाबाद आदित्य का पदग्रहण समारोह संपन्न

औरंगाबाद। लायन्स क्लब जिला 322 ए के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजय कुमार ने कहा कि जन सेवा, समाज सेवा के अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य तथा मानवता से जुड़े कार्यों में लायन्स क्लब की विशिष्ट भूमिका रही है। लायन्स क्लब औरंगाबाद आदित्य के पदग्रहण समारोह में श्री कुमार ने कहा कि अब औरंगाबाद में नवगठित लायन्स क्लब अपने उद्देश्यों और दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन करेगा। क्लब के पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एसपी वर्मा ने उन्हें जिम्मेवारियों और दायित्वों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई दूसरा धर्म नहीं है। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष कमल किशोर ने आने वाले दिनों में क्लब की योजनाओं और कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राहुल वर्मा, लायन कंचन साहू, लायन सुजीत कुमार, लायंस क्लब सोनभद्रा डिहरी की अध्यक्ष रत्ना सिन्हा तथा पूर्व अध्यक्ष सांवली सिन्हा ने नये सदस्यों का उत्साहवर्द्धन किया। समारोह में क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। इस दौरान अध्यक्ष कमल किशोर, निदेशक डॉ. सुधीर कुमार मिश्र, ई. बी के श्रीवास्तव, प्रशासक श्रीराम अम्बष्ट, उपाध्यक्ष डॉ. शीला वर्मा, सचिव आनंद प्रकाश, संयुक्त सचिव भारती श्रीवास्तव, संजना किशोर, सलोनी श्रीवास्तव, पदाधिकारी सूर्यकांत, संजीव सिन्हा, अनिल कुमार सिंह, मधुबाला सिन्हा, लीडरशिप चेयरपर्सन विनय प्रकाश, पीआरओ साकेत कुमार, कौस्तुभ किशोर तथा सर्विस चेयरपर्सन मृदुला अम्बष्ट आदि ने क्लब के कार्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता, रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन सतीश कुमार सिंह, शिक्षा पुरुष सुरेश प्रसाद गुप्ता एवं अध्यापिका नूतन पांडेय को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि लायंस क्लब हमेशा से समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य और मानवता के कार्यों में आगे रहा है।

# मुख्यमंत्री ने अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन में की शिरकत

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वैश्य समाज में संगठन की प्रबल शक्ति और समाज के प्रति गहरी प्रतिबद्धता है। भारत के इतिहास में वैश्य समाज का योगदान सदैव अग्रणी रहा है। यह समाज देश की आर्थिक रीढ़ है। इसने हजारों वर्षों से देश की अर्थव्यवस्था को थामे रखा है। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज का परिश्रम, व्यापार कौशल और ईमानदारी देश की समृद्धि में सहायक रहे हैं। श्री शर्मा शनिवार को भांकरोटा में अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद छोटे व्यापारियों से लेकर बड़े उद्योगपतियों ने मिलकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया। उद्योग, व्यापार और रोजगार में वैश्य समाज का योगदान किसी से छुपा नहीं है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में हस्तशिल्प, रत्न-आभूषण, वस्त्र और खाद्य उद्योग में इस समाज की मेहनत और दूरदर्शिता की झलक मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विकसित भारत 2047 और विकसित राजस्थान 2047 का लक्ष्य वैश्य समाज के विकास और सहयोग के बिना अधूरा है। समाज के अनुभवी व्यापारियों के पास ज्ञान और अनुभव है। इसलिए उस अनुभव को नई पीढ़ी तक पहुंचाकर स्टार्टअप और छोटे उद्यमों को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि देश-विदेश में रहने वाला वैश्य समाज सामाजिक सरोकार के कार्यों और अपनी संस्कृति से हमेशा जुड़ा रहता है। उन्होंने युवाओं से उद्योग के क्षेत्र में आगे बढ़ने की अपील करते हुए कहा कि ह्युवा नौकरी लेने वाले नहीं, देने वाले बनें।

श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार हर वर्ग और क्षेत्र के विकास का रोडमैप बनाकर काम कर रही है। रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, इंदिरा गांधी नहर, गंगनहर, देवास परियोजना सहित अन्य पेयजल एवं सिंचाई परियोजनाओं पर प्राथमिकता से काम किया गया है। राज्य सरकार उद्योगों को भी पर्याप्त पानी देने के लिए काम कर रही है। इसी प्रकार, ऊर्जा के क्षेत्र में 8 हजार 261 मेगावाट की उत्पादन क्षमता बढ़ाई गई है। फिलहाल 22 जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 तक सम्पूर्ण प्रदेश में किसानों को दिन में बिजली दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में विकास की अपार संभावनाएं हैं। पहले वर्ष में ही हमने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन कर 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू किए, जिनमें से 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की ग्राउण्ड ब्रेकिंग हो चुकी है।

# वर्ष 2025 में एशिया में सबसे खराब प्रदर्शन भारतीय रुपये का, निर्यात में ऐसे होता है नुकसान

नईदिल्ली। अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपया पहली बार 90 की सीमा को तोड़ता हुआ 91 की ओर बढ़ रहा है। भारतीय रुपया इस वर्ष एशिया में सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाली करेंसी साबित हुआ है। वर्ष 2025 में जनवरी से 15 दिसंबर तक इसमें 6 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आ चुकी है। इस गिरावट ने इस बात पर बहस छेड़ दी है कि क्या कमजोर करेंसी सचमुच निर्यात प्रतिस्पर्धा की क्षमता बढ़ाती है। एक नई रिपोर्ट इस धारणा को तोड़ती है और बताती है कि कैसे कई बार इसका नुकसान भी होता है। प्रमुख एशियाई देशों, जिनके साथ निर्यात में भारत को प्रतिस्पर्धा करनी पड़ती है, की करेंसी पर नजर डालें तो डॉलर की तुलना में भारतीय रुपया, वियतनाम के डोंग और इंडोनेशिया के रुपिया में इस साल गिरावट दर्ज की गई है। दक्षिण कोरिया का वॉन तो लगभग स्थिर रहा है, लेकिन चीन के युआन, सिंगापुर के डॉलर, थाईलैंड के बहत और मलेशिया के रिंगिट की वैल्यू में मजबूती आई है।

# बम से उड़ाने की धमकी के बाद बिहार विधानसभा की सुरक्षा कड़ी

पटना। एक दिन पहले बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद शनिवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सभा भवन, परिसर और विधायकों के आवास वाले इलाके में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने का निर्देश दिया।

उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ सुरक्षा-व्यवस्था की समीक्षा की। अध्यक्ष ने जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया कि विधान सभा के मुख्य द्वार से प्रवेश करने वाले सभी व्यक्तियों की आईडी जांच के बाद ही उन्हें परिसर में प्रवेश की अनुमति दी जाए। बिना आईडी वाले व्यक्ति के प्रवेश के लिए प्रधान मार्शल की अनुमति की जरूरत होगी। उन्होंने विधान मंडल परिसर एवं अन्य गेटों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त कर सख्ती से निगरानी करने का निर्देश दिया। तय हुआ कि सुरक्षा में सादी वर्दी वाले जवानों को भी तैनात किया जाएगा। चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के उद्देश्य से बीच-बीच में माक ड्रिल किया जाएगा। जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी भी सुरक्षा व्यवस्था को देखते रहेंगे। विस अध्यक्ष ने वीर चंद पटेल पथ एवं आर ब्लाक के विधायक आवासों की सुरक्षा व्यवस्था को भी दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

# छात्र की मौत के बाद ग्रामीणों ने लगाया जाम, आधे घंटे बाद खुला मार्ग

## कार सीखते समय हुआ हादसा

जीशान अहमद खान

आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)। मुबारकपुरझसठियांव मार्ग पर शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब सड़क दुर्घटना में



छात्र की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। लगभग आधे घंटे तक चले इस प्रदर्शन के बाद पुलिस ने समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। बताया जाता है कि मुबारकपुर थाना क्षेत्र के दामोदरपुर अंडरपास के पास सर्विस रोड पर शुक्रवार को हादसा हुआ। शिवकुटी नूरपुर बुताात निवासी कक्षा नौ का छात्र शिवा पटवा अपने साथी के साथ बाइक से गन्ने का जूस लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान कार चलाना सीख रही एक महिला ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे शिवा गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल छात्र को तत्काल पास के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां परिजनों ने आरोप लगाया कि पैसे के अभाव में समय से उपचार नहीं किया गया। परिजनों के अनुसार इसी लापरवाही के चलते छात्र की मौत हो गई।

छात्र की मौत की खबर मिलते ही शनिवार सुबह आक्रोशित ग्रामीण मुबारकपुरझसठियांव मार्ग स्थित सेंट्रल बैंक के सामने शव रखकर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने कार चला रही महिला की गिरफ्तारी और अस्पताल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। जाम लगने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाकर करीब आधे घंटे बाद जाम समाप्त कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक शशि मौली पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# दो माह बाद भी नहीं हुआ चोरी का खुलासा, पीड़ित ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बक्शा थाना क्षेत्र के कर्तिहां गांव में हुई बड़ी चोरी की घटना का दो महीने बाद भी खुलासा न होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। मामले में कार्रवाई न होने से परेशान पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

जानकारी के अनुसार कर्तिहां गांव निवासी पूर्व प्रधान जिलेदार के घर 24 दिसंबर की रात चोरों ने धावा बोल दिया था। चोरों ने बंद कमरे का दरवाजा तोड़कर कीमती सामानों से भरी अलमारी उठा ले गए। अगले दिन सुबह घर से कुछ दूरी पर अरहर के खेत में टूटी हुई अलमारी मिलने के बाद परिवार को चोरी की जानकारी हुई।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि चोरी गया सामान करीब 12 लाख रुपये का था, लेकिन पुलिस ने तहरीर बदलवाकर मुकदमा दर्ज किया। जिसमें चोरी गए सामान की कीमत का उल्लेख तक नहीं किया गया। उनका कहना है कि घटना के अगले दिन मुकदमा दर्ज होने के बाद कुछ लोगों से पूछताछ जरूर की गई, लेकिन इसके बाद जांच की रफ्तार धीमी पड़ गई और अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका। पीड़ित का आरोप है कि स्थानीय पुलिस इस मामले में केवल औपचारिकता निभा रही है, जिससे न्याय मिलने की उम्मीद कम होती जा रही है।

न्याय न मिलने से हताश पूर्व प्रधान ने मुख्यमंत्री और डीजीपी को पत्र भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और चोरी गए माल की बरामदगी की मांग की है। पीड़ित परिवार का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो अपराधियों के हौसले और बुलंद होंगे।

# उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर डीआईजी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025



की परीक्षा को सकुशल, पारदर्शी और नकल विहीन संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र वैभव कृष्ण ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ जिलाधिकारी दिनेश चन्द्र और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश पुलिस प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित होने वाली सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया।

इस दौरान परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास द्वारों की व्यवस्था, परीक्षा कक्षों की स्थिति, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अभ्यर्थियों की चेकिंग प्रक्रिया तथा पुलिस बल की तैनाती का गहन निरीक्षण किया गया।

डीआईजी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व निगरानी के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। अधिकारियों ने यह भी निर्देश दिया कि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और परीक्षा प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाए।

# विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सचिव व प्रधानाध्यापकों का प्रशिक्षण सम्पन्न

दानिश सिद्दीकी

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। विकास खंड बक्सा के अंतर्गत बीआरसी



बक्सा के सभागार में विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष एवं सचिव/प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का संचालन प्रशिक्षक विष्णु शंकर सिंह एवं चतुर्भुज यादव द्वारा सुबह 9:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान Right to Education Act (आरटीई एक्ट) के अंतर्गत विद्यालय प्रबंध समिति के गठन, उसकी संरचना और जिम्मेदारियों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही NIPUN Bharat Mission के तहत विद्यालयों में बच्चों की बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने पर चर्चा की गई।

प्रशिक्षकों ने कहा कि विद्यालय के अध्यक्ष और प्रधानाध्यापक एक सिक्के के दो पहलू की तरह होते हैं। यदि दोनों मिलकर समन्वय के साथ कार्य करें तो सामुदायिक सहभागिता बढ़ेगी और बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव हो सकेगा। प्रशिक्षण के दौरान विद्यालयों में आने वाली संभावित समस्याओं और उनके समाधान पर भी चर्चा की गई।

कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ बक्सा के अध्यक्ष सरोज सिंह, प्रधानाध्यापक शैलेंद्र सिंह, राकेश सिंह, संजय, भोलानाथ यादव, संध्या सिंह, दिग्विजय यादव, संदीप यादव, शैल सिंह, नीलम श्रीवास्तव, रेखा यादव, पूर्णिमा सिंह, धनंजय सिंह, सुशील स्वामी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# आईपीएस अभिमन्यु मांगलिक बने फतेहपुर के नए पुलिस कप्तान, पुलिस अधिकारियों ने दी बधाई

डॉ.इम्तियाज अहमद

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। प्रयागराज,वाराणसी में एसपी के रूप में तैनात रहे आईपीएस अधिकारी अभिमन्यु मांगलिक को फतेहपुर का पुलिस अधीक्षक (एसपी) बनाए जाने पर पुलिस विभाग और उनके सहयोगियों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।



इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

मूल रूप से बुलंदशहर के निवासी अभिमन्यु मांगलिक ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की नौकरी छोड़कर यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण की और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में चयनित हुए। अपने शुरुआती सेवा काल से ही उन्होंने कानून-व्यवस्था को सख्ती से लागू करने के लिए पहचान बनाई।

प्रशिक्षण अवधि के दौरान बरेली के फरीदपुर क्षेत्र में उन्होंने ड्रग माफिया के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई कर अपराधियों की कमर तोड़ दी थी। वहीं वाराणसी में आतंक का पर्याय बने कुख्यात अपराधी मोनू चौहान को मुठभेड़ में ढेर कर उन्होंने सुर्खियां बटोरी थीं।

इसके अलावा भदोही में पुलिस अधीक्षक के रूप में उनके कार्यकाल को भी काफी सराहा गया, जहां उन्होंने अपराध नियंत्रण और बेहतर पुलिसिंग के जरिए जनता के बीच लोकप्रियता हासिल की।

प्रयागराज के सुनील दत्त दुबे समेत कई पुलिस अधिकारियों और सहयोगियों ने उन्हें फतेहपुर का पुलिस कप्तान बनाए जाने पर बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं।

# कोचिंग संस्थान में दिखाई दी सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल

डॉ.इम्तियाज अहमद

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शहर के एक कोचिंग संस्थान में शनिवार को सांप्रदायिक सौहार्द और आपसी सम्मान की एक प्रेरणादायक मिसाल देखने को मिली। क्लास के दौरान दो छात्राओं ने अपने शिक्षक से नमाज का समय होने की बात कही और घर जाकर नमाज पढ़ने में देर होने की चिंता जताई।



इस पर शिक्षक विपिन कुमार पोसवाल ने तुरंत संवेदनशीलता दिखाते हुए छात्राओं से कहा कि वे उनके ऑफिस में जाकर आराम से नमाज अदा कर सकती हैं। शिक्षक की अनुमति मिलने के बाद दोनों छात्राओं ने कोचिंग संस्थान के कार्यालय में ही नमाज अदा की। इस घटना के बाद शिक्षक ने कहा कि उस पल उन्हें बेहद खुशी और गर्व महसूस हुआ। उन्होंने इसे देश की खूबसूरती बताते हुए कहा कि भारत की असली पहचान आपसी सम्मान, समझ और भाईचारे में है। यह छोटी सी घटना सामाजिक सौहार्द और धार्मिक सहिष्णुता का संदेश देती है, जिसकी आज के समाज में खास जरूरत है।

## वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का आरोप, सपा के बीएलए ने प्रशासन से की जांच की मांग

सुशील कुमार तिवारी

सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। दुद्धि विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पंडरी में मतदाता सूची में भारी गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए समाजवादी पार्टी के बीएलए अजय कुमार यादव ने जिला प्रशासन से मामले की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि बूथों के पुनर्गठन के दौरान मतदाताओं के नामों का गलत तरीके से विभाजन कर दिया गया है, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। अजय कुमार यादव ने बताया कि पहले ग्राम पंचायत



पंडरी में दो बूथ–संख्या 53 और 54–थे, जिन्हें बढ़ाकर अब तीन बूथ संख्या 57, 58 और 59 कर दिया गया है। बूथों की संख्या बढ़ाना प्रशासन का सराहनीय कदम है, लेकिन बूथ विभाजन और मतदाता सूची के विखंडन में गंभीर लापरवाही बरती गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ही परिवार के पिता, माता और पुत्र के नाम अलग-अलग बूथों की मतदाता सूची में दर्ज कर दिए गए हैं। इससे मतदाताओं को अपना नाम खोजने के लिए तीनों बूथों की सूचियां खंगालनी पड़ रही हैं, जिससे भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

बीएलए ने इसे मतदाताओं को भ्रमित करने और मतदान प्रतिशत को प्रभावित करने की साजिश बताते हुए कहा कि इससे आम मतदाताओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई मतदाता इस बात को लेकर चिंतित हैं कि वे अपने मताधिकार का सही तरीके से प्रयोग कर पाएंगे या नहीं। उन्होंने जिला प्रशासन, जिला निर्वाचन अधिकारी सोनभद्र और उपजिलाधिकारी दुद्धि से मांग की है कि निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची प्रकाशित होने से पहले ग्राम पंचायत पंडरी की मतदाता सूची का विशेष ऑडिट कराया जाए। साथ ही वार्ड और गृह क्रमांक के आधार पर एक ही परिवार के सदस्यों के नाम एक ही मतदाता सूची में शामिल किए जाने की व्यवस्था की जाए।

## चोरी की बाइक और चापड़ के साथ तीन युवक गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल और एक लोहे के चापड़ के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार



शनिवार 14 मार्च 2026 को उपनिरीक्षक विजय शंकर सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान लहगंपुर बॉर्डर स्थित आशीर्वाद होटल के पास संदिग्ध अवस्था में खड़े तीन युवकों को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल (UP62BQ1644) बरामद हुई। वहीं एक आरोपी के पास से लोहे का चापड़ भी बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजीत सिंह (21) पुत्र रामपूजन सिंह निवासी ग्राम मई थाना चौरी जनपद भदोही, अमित यादव (19) पुत्र कन्हई यादव निवासी भवनाथपट्टी थाना खमरिया जनपद भदोही (हाल पता ननिहाल ग्राम मई थाना चौरी) तथा सुल्तान (19) पुत्र महमूद निवासी ग्राम वरदहा थाना चौरी जनपद भदोही के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना जलालपुर में मुकदमा संख्या 99/26 के तहत धारा 318(4), 317(2), 317(5) बीएनएस तथा 4/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## जानलेवा हमले के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिले के सिकरारा थाना क्षेत्र में जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में



उपनिरीक्षक विनोद कुमार सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर शनिवार को जाम चौराहे से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रोशन गौतम (27) पुत्र इन्नर गौतम निवासी ग्राम बड़ौना, थाना बक्सा जनपद जौनपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार वह थाना सिकरारा में दर्ज मुकदमा संख्या 94/26 में धारा 115(2), 191(2), 109(1) और 131 बीएनएस के तहत वांछित चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सपा सरकार बनते ही लागू होगी ओल्ड पेंशन स्कीम: मोहम्मद अरशद खान

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व जौनपुर सदर के पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान ने कहा है कि प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर कर्मचारियों की सबसे बड़ी मांग ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन योजना कर्मचारियों का अधिकार है और इसे बहाल करना सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में लागू नई पेंशन योजना (एनपीएस) कर्मचारियों के भविष्य को असुरक्षित बनाती है और सेवानिवृत्ति के बाद स्थिर एवं सम्मानजनक जीवन की गारंटी नहीं देती। इसके विपरीत ओल्ड पेंशन स्कीम कर्मचारियों को आर्थिक सुरक्षा और स्थिरता प्रदान करती है। यही कारण है कि प्रदेश के लाखों कर्मचारी लंबे समय से इसकी बहाली की मांग कर रहे हैं।

अरशद खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा कर्मचारियों,



किसानों, मजदूरों, युवाओं और समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकारों ने हमेशा कर्मचारियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और आगे भी उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहेंगी।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी ने यह संकल्प लिया है कि प्रदेश में सपा सरकार बनने पर कर्मचारियों की भावनाओं और अधिकारों का सम्मान करते हुए ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू किया जाएगा। इससे प्रदेश के लाखों कर्मचारियों और उनके परिवारों को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने कहा कि कर्मचारी वर्ग शासन-प्रशासन की रीढ़ होता है और उनके परिश्रम से ही व्यवस्था सुचारु रूप से चलती है। इसलिए उनके भविष्य को सुरक्षित करना सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है।

अंत में उन्होंने कर्मचारियों, शिक्षकों और आम जनता से सामाजिक न्याय और जनकल्याण की नीतियों को मजबूत करने के लिए समाजवादी पार्टी का समर्थन करने की अपील की।

# तारकोल की दुर्गंध से राहगीरों का चलना हुआ दूभर, सी.एच.सी. के मरीज भी परेशान

रियाजुल हक

मुफ्तीगंज, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के रामपुर गांव में केराकत-जौनपुर मार्ग के किनारे ठेकेदार द्वारा लगाए गए अस्थायी प्लांट से उठ रही तारकोल की तेज दुर्गंध से राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे गिट्टी और तारकोल के मिश्रण का कार्य किए जाने से पूरे इलाके में बदबू फैल गई है, जिससे लोगों का सड़क पर चलना भी दूभर हो गया है।

बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर यह मिश्रण कार्य किया जा रहा है, उसके बिल्कुल पास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सी.एच.सी मुफ्तीगंज स्थित है। अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों और उनके तीमारदारों का कहना है कि अलकतरा की तेज दुर्गंध के कारण अस्पताल परिसर में घुटन जैसी स्थिति पैदा हो रही है, जिससे मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदारों को आम जनता की परेशानी से कोई सरोकार नहीं है।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग



स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह का मिश्रण कार्य आबादी या अस्पताल के पास न कर खुले मैदानी क्षेत्रों में किया जाना चाहिए, ताकि आम जनता और मरीजों को परेशानी न हो। लोगों ने आरोप लगाया कि की है कि जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस अस्थायी प्लांट को आबादी और अस्पताल से दूर किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित कराया जाए, ताकि लोगों को दुर्गंध और प्रदूषण से राहत मिल सके।

# आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी की आधारशिला है गणित: प्रो.प्रमोद कुमार यादव

## पीयू के रज्जू भैया संस्थान में अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस (पाई डे) का आयोजन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के प्रो.राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस (पाई डे) उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में गणित के महत्व, उसके वैज्ञानिक एवं तकनीकी उपयोग तथा दैनिक जीवन में उसकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रो.प्रमोद कुमार यादव ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि गणित केवल संख्याओं और सूत्रों का विषय नहीं है, बल्कि यह तार्किक चिंतन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समस्या समाधान की क्षमता को विकसित करने वाला अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक युग में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कंप्यूटर विज्ञान, अर्थशास्त्र तथा डेटा विश्लेषण जैसे



लगभग सभी क्षेत्रों की नींव गणित पर आधारित है। प्रो.यादव ने बताया कि पाई एक अत्यंत महत्वपूर्ण गणितीय स्थिरांक है, जिसका उपयोग वृत्त की परिधि और क्षेत्रफल की गणना सहित अनेक वैज्ञानिक और इंजीनियरिंग समस्याओं के समाधान में किया जाता है। गणित विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. मिथिलेश सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस मनाने का उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में गणित के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ाना है। गणित विभाग के डॉ.दीपक कुमार मौर्य, डॉ.आशीष वर्मा तथा सौरभ सिंह ने भी गणित के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। मौके पर संस्थान के प्रो.देवराज सिंह, डॉ.नीरज अवस्थी, डॉ.पुनीत धवन, डॉ.धीरेन्द्र चौधरी, डॉ.आलोक वर्मा, डॉ.संदीप वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# ग्राम प्रधानों, पंचायत सचिवों और पंचायत सहायकों को दिया गया प्रशिक्षण

## खुटहन ब्लॉक सभागार में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना (जीपीडीपी) अंतर्गत एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। खुटहन ब्लॉक सभागार में शनिवार को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना (जीपीडीपी) अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिवों, ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सहायकों का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीडीओ जितेंद्र प्रताप सिंह/सहायक विकास अधिकारी पंचायत अजय मिश्रा के निर्देशन में आयोजित हुआ। ग्रामीण क्षेत्र को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में प्रधान, ग्राम पंचायत सचिवों सहित महिलाओं ने हिस्सा



लिया। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित लोगों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

मुख्य प्रशिक्षक जिलाजीत निषाद ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर रोजगार बढ़ाना है ताकि वे अपने हुनर के माध्यम से स्वयं का रोजगार शुरू कर सकें और परिवार की आय में सहयोग दे सकें। संचालन प्रशिक्षक अभय कुमार ने किया। इस अवसर पर एडीओ पंचायत अजय मिश्रा, अखिलेश वर्मा, आलोक सिम्पी सिंह, दीपक पाल, प्रमोद यादव, कृष्ण कुमार यादव, विनय चौरसिया, मदन गोपाल, प्रधान लाल बहादुर, शिव अजोर, बैजनाथ यादव, पंचायत सहायक लक्ष्मी गौतम, बिपिन, बबीता एवं वंदना देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एसआई भर्ती का पेपर लीक कराने के नाम पर ठगी, एसटीएफ ने आरोपी को किया गिरफ्तार

लखनऊ (उत्तरशक्ति)। उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 की परीक्षा का प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का झांसा देकर अभ्यर्थियों से ठगी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को आगरा से दबोचा गया है, जो टेलीग्राम पर फर्जी चैनल बनाकर अभ्यर्थियों से ऑनलाइन पैसे वसूल रहा था।

एसटीएफ के अनुसार उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा को देखते हुए सोशल मीडिया की लगातार निगरानी की जा रही थी। इसी दौरान टेलीग्राम पर यूपी एसआई यूपी पुलिस-2026, रिजल्ट पैनल प्राइवेट और यूपी एसआई परीक्षा प्रश्नपत्र-2026 नाम से चैनल संचालित कर परीक्षा का प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के संदेश प्रसारित किए जा रहे थे।



मामले में थाना हुसैनगंज में उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अध्यादेश-2024 और आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। जांच के दौरान एसटीएफ को सूचना मिली कि गिरोह का एक सदस्य आगरा में मौजूद है। सूचना के आधार पर एसटीएफ टीम ने न्यू आगरा थाना क्षेत्र की इंजीनियर्स कॉलोनी से आरोपी आयुष बघेल को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह प्रश्नपत्र के पहले पेज को एडिट कर उसे असली प्रश्नपत्र बताकर टेलीग्राम चैनलों पर भेज देता था। इससे अभ्यर्थियों को भरोसा हो जाता था और वह क्यूआर कोड व भुगतान आईडी के जरिए उनसे पैसे वसूलता था। एसटीएफ के अनुसार इस गिरोह में शामिल अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है और जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की संभावना है।

# पांच सालो में बिहार को देश के टॉप राज्य में खड़ा करुगां: नीतीश

## बिहार में बंद पड़े चीनी मील होगा चालू, मुख्यमंत्री ने कई योजनाओं को गिनाया



**खगड़िया।** बिहार को पांच सालों में देश के टॉप राज्यों में खड़ा करुगां।बंद पड़े चीनी मील को फिर से चालू किया जायेगा। उक्त बातें मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने शुक्रवार को खगड़िया संसार खेल मैदान में आयोजित समृद्धि यात्रा में जन समुह को संबोधित करते हुए कहा। मुख्यमंत्री ने मंच पर आते ही सबसे पहले उपस्थित जन समुह को हाथ जोड़कर अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी का जमकर तारीफ किया। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री मोदी का बिहार पर विशेष कृपा है, बिहार के विकास को लेकर हमेशा चिंतित रहते है, उन्होंने कहा की बिहार में सड़कों, पुल, पुलियों का जाल बिछाया जा रहा है। स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर हुआ है, शिक्षा में अमूल सुधार हुआ। नितीश कुमार ने 2005 के पहले की सरकार का जमकर कौंसा।उन्होंने कहा की पहले लोग शाम ढ़लते ही घर में बंद हो जाते थे। लेकिन मेरी सरकार में आज लोग कहीं भी किसी भी समय आ जा सकते हैं। नितीश कुमार ने कहा की बिहार को स्वास्थ्य के क्षेत्र में उव्वल बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा की हमारी सरकार में हिन्दु मुस्लिम की लड़ाइ अब नहीं होता है। मंदिर, ओर क्रबिस्तान को सुरक्षा के दृष्टिकोण से घेराबंदी करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा की महिलाओं को पंचायत की राजनीति में पचास प्रतिशत आरक्षण दिया गया है तो अब सभी नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। बड़ी संख्या में महिलाऐं नौकरी में जा रही है। राज्य में अमन शांति कायम है। स्वयं सहायता समुह का गठन कर महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। नितीश कुमार ने कहा की दस हजार रुपए देने के बाद अब महिलाओं को काम देखकर दो लाख रुपये दिया जायेगा। हलांकि मुख्यमंत्री के भाषण में खगड़िया के लिए कोई नई बात नहीं झलका। मुख्यमंत्री ने लिखे भाषण को पढ़कर सुनाया। भाषण के दौरान कुछ जिविका दीदी चलने लगा तो नितीश कुमार ने महिलाओं को जाने से रोका। उन्होंने कहा की आप रुकिये तो आप कहाँ भागे जा रहे हैं। इस दौरान महिलाओं ओर उपस्थित लोगों ने जमकर ठहाके लगाये।

## खगड़िया में जल्द स्टील फैक्ट्री किया जायज स्थापितः सम्राट चौधरी

▸ कहा खगड़िया का मैं कार्यकर्ता हुं, जब तक रहुगां खगड़िया के विकास के लिए हमेशा काम करुगां

**खगड़िया।** खगड़िया का मैं कार्यकर्ता हुं, मेरा राजनीतिक जीवन खगड़िया से ही शुरू हुआ है, उक्त बातें समृद्धि यात्रा में आये उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने कहा की खगड़िया में जल्द स्टील फैक्ट्री स्थापित किया जायेगा। उन्होंने कहा खगड़िया में मेडिकल कॉलेज का जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा। उन्होंने नितीश कुमार एवं प्रधानमंत्री मोदी का जमकर तारीफ करते हुए कहा की मोदी जी ने हर गांव में विधुत पहुचाने का काम किये हैं तो नितीश कुमार ने बिहार में हर घर में बिजली पहुंचाने का काम किये हैं।

उपमुख्यमंत्री ने परवत्ता विधानसभा की बात करते हुए कहा की परवत्ता विधानसभा से आतंक का राज खत्म हो गया। उप मुख्यमंत्री ने कहा की खगड़िया में विकास की गाथा लिखा जायेगा। उन्होंने कहा की जिस समय हम खगड़िया का प्रतिनिधित्व करता था, सड़कों की स्थिति बहुत खराब था, मगर आज सबकुछ बदल गया है। पांच घंटों में पटना कहीं से आ जा सकते हैं। उन्होंने कहा की आने वाले समय में खगड़िया में ओर भी उद्योग को लेकर कल कारखाने स्थापित किये जायेगें।

## दस लीटर अवैध शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**भवानीपुर।** भवानीपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने गिरफ्तार शराब कारोबारी के पास से दस लीटर अवैध शराब भी जप्त किया है । गिरफ्तार शराब कारोबारी रघुनाथपुर पंचायत अंतर्गत सिंघियान सुंदर निवासी चौधरी मंडल का पुत्र लक्ष्मी मंडल है । भवानीपुर थानाध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सिंघियान सुंदर गांव में शराब का अवैध कारोबार किया जा रहा है ।

सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष ने सदलबल के साथ छापेमारी करते हुए शराब कारोबारी लक्ष्मी मंडल को दस लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया । थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार शराब कारोबारी के बिरुद्ध कांड संख्या 66/26 दर्ज करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है ।

## पूर्णिया आगमन पर बिहार के विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का विधायक विजय खेमका ने गुलदस्ता भेंट कर उनका अभिनंदन किया



**पूर्णिया।** समृद्धि यात्रा के अवसर पर पूर्णिया आगमन पर बिहार के विकास पुरुष मुख्यमंत्री श्री नितीश कुमार का विधायक विजय खेमका ने गुलदस्ता भेंट कर उनका अभिनंदन किया तथा पूर्णिया की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा माँ पूरण देवी का स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नितीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने पूर्णिया जिले के विकास के लिए लगभग 481 करोड़ रुपये की लागत से 92 विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया जिसमे माँ पुरण देवी मंदिर का पर्यटकीय विकास,जिला पशु पालन कार्यालय, विधुत शवदाह गृह,ईस्ट ब्लॉक कार्यालय भवन,अन्तर्राजिय बस टर्मिनल, रानीपतरा मोडल थाना तथा बुडको ग्रामीण कार्य पथ निर्माण विभाग द्वारा निर्मित अनेक सड़कें भी शामिल है। रंगभूमि स्टेडियम के जन संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और स्थानीय नागरिको ने मुख्यमंत्री तथा उपमुख्यमंत्री जी को सुना । मंच से विधायक ने जनसंवाद में आए सभी बहनों भाइयो का अभिनंदन करते हुए कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और यशस्वी मुख्यमंत्री श्री नितीश कुमार के नेतृत्व में पूर्णिया निरंतर तेज गति से विकास की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जब भी विकास और प्रगति की यात्रा पर निकलते हैं, उससे बिहार के विकास को नई गति मिलती है। इस बार की समृद्धि यात्रा पूरे बिहार के लिए समृद्धि का संदेश लेकर आई है। विधायक ने कहा केंद्र की एनडीए सरकार और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री नितीश कुमार का पूर्णिया पर विशेष स्नेह रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में पूर्णिया में विकास की रफ्तार और तेज होगी तथा विकास के क्षेत्र में पूर्णिया किसी भी मायने में पटना से पीछे नहीं रहेगा। विधायक ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत तथा जन संवाद कार्यक्रम में आये जीविका दीदी तथा एनडीए के कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया।

## एलपीजी गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी

▸ अनियमितता पाए जाने पर होगी सख्त कार्रवाई

▸ एजेंसियों के स्टॉक, वितरण व्यवस्था, बुकिंग प्रक्रिया, उपभोक्ताओं को समय पर गैस आपूर्ति तथा निर्धारित मानकों के अनुपालन की जांच करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया है

**पूर्णिया।** पूर्णिया जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु, पारदर्शी एवं उपभोक्ता हितों के अनुरूप बनाए रखने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार भा०प्र०से० द्वारा शुक्रवार को सभी एलपीजी गैस के सभी एरिया मैनेजर एवं संबंधित अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आहूत की गई। संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया कि एलपीजी गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर कड़ी निगरानी रखना सुनिश्चित करें। हाल के दिनों में कुछ एजेंसियों की कार्यप्रणाली में गंभीर अनियमितताओं की शिकायतें प्राप्त होने के बाद जिला प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया है। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि नियमित रूप से जिले में संचालित सभी एलपीजी गैस एजेंसियों का निरीक्षण एवं जांच सुनिश्चित करें। एजेंसियों के स्टॉक, वितरण व्यवस्था, बुकिंग प्रक्रिया, उपभोक्ताओं को समय पर गैस आपूर्ति तथा निर्धारित मानकों के अनुपालन की जांच सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि यदि जांच के दौरान किसी भी एजेंसी द्वारा गैस की जमाखोरी, कालाबाजारी, उपभोक्ताओं के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार, अनियमित वितरण या नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। आवश्यक होने पर लाइसेंस निलंबन अथवा रद्द करने की कार्रवाई भी की जा सकती है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी एलपीजी के एरिया मैनेजर को सख्त निर्देश दिया है कि वे पूरी पारदर्शिता के साथ उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें और सरकार द्वारा निर्धारित सभी नियमों का पालन करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता पर्याप्त है।यदि किसी उपभोक्ता को गैस आपूर्ति से संबंधित कोई समस्या या अनियमितता दिखाई देती है तो वे इसकी सूचना जिला प्रशासन को दें, ताकि त्वरित जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## वैश्विक संकट के बीच भारत पूरी तरह सुरक्षित, विपक्ष अफवाह फैलाने से बाज आए : डॉ. संतोष कुमार सुमन



**पटना।** वैश्विक स्तर पर उत्पन्न तनावपूर्ण परिस्थितियों के बीच भारत की स्थिति पूरी तरह स्थिर और सुरक्षित है। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बावजूद भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतें अभी भी स्थिर हैं, जो केंद्र सरकार की दूरदर्शी नीतियों और प्रभावी प्रबंधन का परिणाम है।

डॉ. सुमन ने कहा कि दुनिया के कई विकसित देशों में पेट्रोलियम उत्पादों के दाम 5 से 20 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं, जबकि भारत में आम जनता पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ने दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश में पेट्रोलियम और रसोई गैस की आपूर्ति भी सामान्य है और किसी प्रकार का संकट नहीं है। जो भी छोटी-मोटी परेशानियाँ दिखाई दे रही हैं, वे केवल अफवाहों और अनावश्यक पैनिक के कारण पैदा हो रही हैं।उन्होंने कहा कि वैश्विक संकट के समय विपक्ष की भूमिका बेहद जिम्मेदार होनी चाहिए। ऐसे समय में विपक्ष को अफवाह फैलाने या राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करने के बजाय सरकार के साथ मिलकर देशहित में सहयोग करना चाहिए। दुर्भाग्य की बात है कि कुछ विपक्षी दल ऐसे संवेदनशील समय में भी सस्ती राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे हैं, जो बेहद शर्मनाक है।

डॉ. सुमन ने कहा कि देश ने ऐसे दौर भी देखे हैं जब पूर्ववर्ती सरकारों के समय वैश्विक संकटों का प्रभाव सीधे आम जनता पर पड़ा। 1990 के दशक में खाड़ी युद्ध के दौरान तेल की कीमतों में भारी उछाल आया और भारत को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा। उसी तरह 2012-13 के दौर में भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हुई और आम जनता पर बोझ बढ़ता गया। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। रणनीतिक तेल भंडार, विविध स्त्रोतों से कच्चे तेल की आपूर्ति और मजबूत कूटनीतिक प्रयासों के कारण आज भारत किसी भी वैश्विक संकट से निपटने के लिए पहले से अधिक तैयार है।उन्होंने कहा कि देश की जनता को घबराने की बिल्कुल आवश्यकता नहीं है। केंद्र सरकार हर स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और हर तरह से पूरी तरह मुस्तैद है। भारत आज मजबूत नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है और देश सुरक्षित हाथों में है।

## लोक अदालत में वादों का निबटारा कर परिवार एवं समाज में सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित करें: न्यायाधीश

### अपने अपने वादों का निबटारा कर शारीरिक आर्थिक एवं मानसिक रूप से परेशानी दूर करें : शशिकांत राय




**दलसिंहसराय (समस्तीपुर)।** सिविल कोर्ट परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का समारोह पूर्वक उद्घाटन जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष शशिकांत राय, एसडीजेएम सह समिति के सचिव काजल सोनावाला , सब जज प्रथम सह अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम विवेक चन्द्र वर्मा , अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी रवि रंजन, सर्किल पुलिस इंस्पेक्टर समेत अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रभात कुमार चौधरी, महासचिव राजीव रंजन सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया । समारोह को संबोधित करते हुए जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश शशिकांत राय ने कहा कि लोक अदालत मे मुकदमों का निबटारा कराकर परिवार के साथ खुशी मनाएं. आगे न्यायाधीश ने कहा की छोटे छोटे समनीय वादों को लेकर न्यायार्थी कोर्ट का चक्कर लगाते हैं और शारीरिक आर्थिक एवं मानसिक रूप से परेशान होते हैं इसलिए लोक अदालत के माध्यम से वादों को निबटारा करने से समय व रुपए की बचत होती है इसलिए समनीय वादों का निबटारा कर न्यायार्थी खुशी पूर्वक अपने अपने घर जायें और जो रुपया और समय कोर्ट आने जाने मे लगता है उसे अपने बच्चे को भरण पोषण एवं पढ़ाई लिखाई मे खर्च कर एक योग्य नागरिक बनाएं , वहीं सब जज प्रथम विवेक चन्द्र वर्मा ने भी लोक अदालत की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोक अदालत में न वकील फी और न ही किसी भी तरह का न्यायिक शुल्क लगता है और दोनों पक्षों के सहमति के आधार पर वादों का निबटारा किया जाता है । संघ के अध्यक्ष प्रभात कुमार चौधरी कहा कि अपने अपने वादों का निबटारा कर परिवार एवं समाज में सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित करने की बात कही . संचालन पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार पोद्दार समीर ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन एसडीजे एम सह समिति के सचिव काजल सोनावाला ने दिया । राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से फौजदारी के 108 मामले का निस्तारण हुआ।

विद्युत से संबंधित कुल 20 वादों का निस्तारण हुआ जिसमें विद्युत विभाग को कुल 68000 रुपए प्राप्त हुए, विभिन्न बैंकों से संबंधित कुल 234 वादों का निस्तारण हुआ जिसमें बैंकों को कुल 9900936 रुपए की राशि सेटल हुआ, बी एस एन एल के कुल 02 वादों का निस्तारण हुआ जिसमें बी एस एन एल को कुल 3500 रुपए प्राप्त हुए, मौके पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारी समेत अधिवक्ता संतोष कुमार सिंह, प्रभारी सिरिस्तेदार ओम कुमार चौधरी, नाजिर मकेश्वर प्रसाद, न्यायिक कर्मी विशालदीप प्रकाश, अमजद भारती, चंद्रकेतु कुमार, हरीश कुमार, मुन्ना इत्यादि लोक अदालत असिस्टेंट गंगेश झा, संगीता झा, पी एल भी जितेन्द्र कुमार सिंह, धर्मेंद कुमार, सुभाष चंद्र पासवान, रामबाबू पासवान, प्रशांत कुमार झा, संजीत कुमार समेत अन्य मौजूद थे.

## ट्रूकॉलर ने भारत में फैमिली प्रोटेक्शन फीचर लॉन्च किया

**पटना।** जैसे-जैसे डिजिटल अरेस्ट, नकली पहचान और एआई वॉइस क्लोनिंग जैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी के तरीके भारतीय परिवारों की सुरक्षा के लिए सीधा खतरा बन रहे हैं, ट्रूकॉलर, जो कि एक प्रमुख वैश्विक कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म है, पहचान करने के काम से आगे बढ़कर परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठा रहा है, इसके तहत भारत में फैमिली प्रोटेक्शन लॉन्च किया गया है। यह फीचर पहले ही स्वीडन, चिली, मलेशिया और केन्या जैसे कई वैश्विक बाजारों में सफलतापूर्वक शुरू हो चुका है।

ट्रूकॉलर का फैमिली प्रोटेक्शन एक आधुनिक डिजिटल सुरक्षा कवच है, जिसे पूरे परिवार, विशेष रूप से बुजुर्गों को तेजी से बढ़ती ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाने के लिए बनाया गया है। हर परिवार में आमतौर पर एक टेक-जानकार सदस्य या CTO (मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी) होता है, जो अपने माता-पिता, बुजुर्गों और बच्चों की डिजिटल सुरक्षा का ध्यान रखता है।

## संक्षिप्त समाचार

### पैक्स अध्यक्ष, प्रबंधक एवं व्यापार मंडल के अध्यक्षगणों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**पूर्णिया।** जिला सहकारिता कार्यालय पूर्णिया के तत्वाधान में विभागीय निदेश के आलोक में शुक्रवार को पूर्णिया जिलांतर्गत सभी पैक्स अध्यक्ष, प्रबंधक एवं व्यापार मंडल के अध्यक्षगणों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला - सह -प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रेक्षा गृह सह आर्ट गैलरी पूर्णिया में किया गया। श्री अंशुल कुमार, (भा०प्र०से०) जिला पदाधिकारी पूर्णिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मौके पर संयुक्त निबंधक सहयोग समितियां अंकेक्षण पूर्णिया, प्रबंध निदेशक जिला केंद्रीय सहकारी बैंक पूर्णिया, जिला सहकारिता पदाधिकारी पूर्णिया, जिला अंकेक्षण पदाधिकारी सहयोग समितियां पूर्णिया,जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड , उरउ के जिला प्रबंधक, सहायक निबंधक पूर्णिया अंचल पूर्णिया और सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी पूर्णिया , कार्यपालक सहायक आदि मौजूद थे।इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में पैक्स कंप्यूटराइजेशन, उरउ, बिहार राज्य फसल सहायता योजना, मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशिष्ट प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा अपने संबोधन में सभी संबंधित पैक्स अध्यक्षों एवं प्रबंधक तथा व्यापार मंडल के अध्यक्षगण को निर्देशित किया गया कि गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रावधानों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करेंगे।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देश पर जमुई जिला अस्पताल के तीन डॉक्टरों को निलंबित किया

**मुंगेर।** बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग पटना ने जमुई जिला के जिला अस्पताल के तीन चिकित्सकों को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गड़बड़ी रहने के कारण निलंबित किया।

बिहार सरकार केअपर सचिव स्वास्थ्य विभाग पटना उपेंद्र राम ने गत गुरुवार को जमुई निवासी नक्सली कमांडर सिद्धू कोड़ाउर्फ मुंशी दा की मौत गेट 22 फरवरी 2020 को पुलिस हिरासत में हो गई थी। विभागीय सूत्रों के अनुसार शवका पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद गलत रिपोर्टप्रस्तुत करने के मामले में। रिपोर्ट में गंभीर अनियमिततासामने आया था कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट तैयार करते समय चिकित्सकीय दल ने कई महत्वपूर्ण तथ्यों का पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उल्लेख नहीं किया था।

नक्सली कमांडर की मौत का मामला राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली तक पहुंचा ।आयोग ने 29 अक्टूबर 2025 को पारित आदेश में पोस्टमार्टम निर्गत करने वालों के विरुद्ध अनुशासनकात्मक कार्रवाई करने का निर्देश बिहार के स्वास्थ्य विभाग को दिया था।

इस आलोक में बिहार के स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव उपेंद्र राम ने जमुई जिले के सदर अस्पताल के तीन चिकित्सकों पर अनुशासनकात्मक कार्रवाई करते हुए बिहार सरकार की सेवा नियमावली के तहत गुरुवार को तत्काल प्रभाव से अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर सैयद नौशाद अहमद एवं डॉ नागेंद्र कुमार तथा डॉक्टर देवेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया।

### मुंगेर पुलिस ने छापामारी कर एक घर से पांच कट्टा और आठ जिंदा कारतूस बरामद किया

**मुंगेर।** मुंगेर के कोतवाली थाना क्षेत्र के लाल दरवाजा में स्वर्गीय रामचंद्र सहनी के घर पर छापामारी कर रसोई घर से पांच कट्टा और आठ जिंदा कारतूस बरामद किया है।

मुंगेर के आरक्षी अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने बताया कि सोशल मीडिया पर होली के दिन फायरिंग का वीडियो वायरल होने के बाद मुंगेर पुलिस कोतवाली थाना क्षेत्र के लाल दरवाजा मोहल्ले में देर रात छापामारी कर भारी मात्रा में अवैध हथियार और कारतूस बरामद किया है ।एसपी ने आगे बताया एसडीपीओ सदर अभिषेक आनंद के नेतृत्व में कोतवाली थाना अध्यक्ष राजीव तिवारी और उसकी टीम लाल दरवाजा स्थित कुंदन सहनी और चंदन सहनी पिता स्वर्गीय रामचंद्र सहनी के घर घेराबंदी कर पुलिस टीम ने घर के रसोई में छुपा कर रखा पांच देसी कट्टा और आठ जिंदा कारतूस बरामद किया है। एसपीने बताया कि कोतवाली पुलिस ने इस मामले में कुंदन साहनीऔर चंदन सहनी के खिलाफ आर्म्सएक्ट के तहत प्राथमिक की दर्ज कर ली है। आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है और जल्द ही उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

### पीएम मोदी के आगमन से तेज होगा बंगाल में विकास का महाअभियान: मंगल पांडेय

**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य व विधि मंत्री तथा पश्चिम बंगाल भाजपा प्रभारी श्री मंगल पांडेय ने कहा कि पश्चिम बंगाल की धरती शनिवार को विकास और परिवर्तन के नए अध्याय की साक्षी बनने जा रही है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कोलकाता दौरे को लेकर भाजपा नेताओं और कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह है। पीएम मोदी हमेशा बंगाल की जनता के हित और विकास के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री करीब 18,680 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे। जिसमें 420 किलोमीटर से अधिक लंबाई की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं, जहाजरानी और पोत से जुड़ी कई योजनाएं शामिल हैं। श्री पांडेय कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में आयोजित होने वाली ह्लपरिवर्तन संकल्प सभाह्व पश्चिम बंगाल की राजनीतिक इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी सभा साबित होगी।

उन्होंने दावा किया कि इस सभा में कई लाख की संख्या में लोग शामिल होंगे और यह कार्यक्रम बंगाल में राजनीतिक परिवर्तन का मजबूत संदेश देगा। बंगाल की जनता अब बदलाव चाहती है और प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा विकास, सुशासन और पारदर्शिता के साथ राज्य को नई दिशा देने के लिए तैयार है।

उन्होंने विश्वास जताया कि यह दौरा न केवल विकास परियोजनाओं की शुरूआत करेगा, बल्कि बंगाल में परिवर्तन की नींव भी और मजबूत करेगा। श्री पांडेय ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हमेशा पश्चिम बंगाल के विकास को प्राथमिकता दी है। श्री पांडेय ने आरोप लगाया कि राज्य की मौजूदा सरकार केवल जनता को ठगने और विकास कार्यों को बाधित करने का कार्य कर रही है। इसके बावजूद केंद्र सरकार लगातार बंगाल के लिए बड़ी-बड़ी परियोजनाएं लेकर आ रही है, ताकि राज्य की जनता को बेहतर सड़क, रेल और बंदरगाह जैसी बुनियादी सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि बेल्दा और दांतन के बीच 16 किलोमीटर लंबी तीसरी रेल लाइन को राष्ट्र को समर्पित किया जाना भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिससे क्षेत्र में रेल यातायात और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

### गन्ना यंत्रीकरण योजना के तहत 361 किसानों ने खरीदे यंत्र

**पटना।** गन्ना यंत्रिकरण योजना के तहत जारी परमिट के आधार पर राज्य के 361 किसानों ने विभिन्न प्रकार के यंत्रों की खरीद की है। इसको देखते हुए गन्ना उद्योग विभाग ने परमिट पर यंत्र खरीदने के लिए 19 मार्च अंतिम तिथि निर्धारित किया है।

विदित हो कि राज्य सरकार ने गन्ना किसानों को अनुदान पर यंत्र मुहैया कराने के लिए गन्ना यंत्रीकरण योजना शुरू किया है, जिसमें खेत की तैयारी से लेकर फसल की कटाई तक के लिए आधुनिक गन्ना यंत्र अनुदानित दर पर उपलब्ध कराएं जा रहे हैं। इस योजना के तहत गन्ना किसानों को 50 से 60 फीसदी तक अनुदान दिया जाता है। बताया जाता है कि पांचवे रेंडमाइजेशन के तहत राज्य के 466 गन्ना किसानों का चयन किया गया था और उन्हें यंत्र खरीदने के लिए विभाग ने परमिट दिया है। इस परमिट पर राज्य के 361 किसानों ने विभिन्न प्रकार के गन्ना यंत्रों की खरीद किए हैं। शेष बचे किसानों के लिए गन्ना उद्योग विभाग ने परमिट के आधार पर यंत्र खरीदने के लिए 19 मार्च अंतिम तिथि निर्धारित किया है। इसके बाद यह परमिट स्वतः निरस्त हो जाएगी। विभाग ने कहा है कि स्वीकृति पत्र के आधार पर चयनित किसान सुमेक पोर्टल पर सुचीबद्ध यंत्र विक्रेताओं को पूरी राशि का भुगतान कर यंत्र क्रय कर सकते हैं। खरीदे गए यंत्रों की जांच के बाद अनुदान की राशि संबंधित गन्ना किसानों के बैंक खाता में भेज दिया जाएगा।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुवाहाटी में किया एलिवेटेड पोर्ट कॉरिडोर का किया उद्घाटन

## असम में 526 करोड़ के निवेश वाली अनेक जलमार्ग परियोजनाओं का शुभारंभ किया



मुंबई/गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुवाहाटी में पांडु बंदरगाह को राष्ट्रीय राजमार्ग-27 से जोड़ने वाले एक अत्याधुनिक एलिवेटेड रोड कॉरिडोर को राष्ट्र को समर्पित किया। इसके साथ ही उन्होंने बिश्वनाथ घाट पर क्रूज टर्मिनल की आधारशिला रखी और डिब्रूगढ़ के बोगीबील में रीजनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (क्षेत्रीय उत्कृष्टता केंद्र) तथा निमाटी में क्रूज टर्मिनल का भूमि पूजन किया। ब्रह्मपुत्र नदी (राष्ट्रीय जलमार्ग-2) पर अंतर्देशीय जलमार्गों के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने वाली इन चार परियोजनाओं में कुल 526 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। इन परियोजनाओं को पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि प्रसिद्ध निमाटी घाट और बिश्वनाथ घाट पर आधुनिक क्रूज टर्मिनल बनाने का काम भी आज से शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि यह केवल इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना नहीं है, बल्कि ये असम में पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने पर्यटन को सिर्फ दर्शनीय स्थलों तक सीमित नहीं रखा है, बल्कि उसे रोजगार और विकास के बड़े अवसर के रूप में देखा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी विचार के साथ ब्रह्मपुत्र नदी में भी, वॉटर टूरिज्म की संभावनाएं बढ़ाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि क्रूज टर्मिनल बनने से ब्रह्मपुत्र पर क्रूज संचालन का का काम आगे बढ़ेगा और देश-दुनिया के पर्यटकों के लिए असम तक पहुंचना और भी आसान हो जाएगा। जब क्रूज टूरिज्म बढ़ेगा तो स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। कारीगरों और हस्तशिल्प से जुड़े लोगों को नया बाजार मिलेगा। छोटे दुकानदारों, नाविकों, होटल और ट्रांसपोर्ट से जुड़े लोगों की आमदनी भी बढ़ेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ह्यह्यअसम में टूरिज्म अब सिर्फ घूमने-फिरने तक सीमित नहीं है, यह स्थानीय विकास और जन-समृद्धि का नया इंजन बन रहा है।

यह कार्यक्रम गुवाहाटी के ज्योति-बिष्णु ऑडिटोरियम में असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा और केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी का ये मानना है कि अंतर्देशीय जलमार्ग, यात्रियों और माल के परिवहन के लिए पर्यावरण-अनुकूल और किफायती माध्यम के रूप में अपार संभावनाएं रखते हैं। उनके नेतृत्व में, पूर्वोत्तर राज्यों में कनेक्टिविटी और विकास का एक नया दौर शुरू हुआ है; यह टर्मिनलों, जेटियों और जलमार्गों से जुड़े बुनियादी ढांचे के माध्यम से संभव हुआ है, जो लोगों की आजीविका को बदल रहा है और भारत की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' के प्रति संकल्प को और गहरा कर रहा है। सबानंद सोनोवाल ने कहा कि जिन परियोजनाओं का उद्घाटन और शिला-?यास किया गया है, वे विकसित और आपस में जुड़े पूर्वोत्तर के लिए प्रधानमंत्री मोदी की परिकल्पना की प्रत्यक्ष अभिव्यक्ति हैं। उन्?होंने कहा, ह्यह्यप्रधानमंत्री मोदी जी ने वह कर दिखाया है जो दशकों के शासन में नहीं हो पाया था, उन्होंने पूर्वोत्तर को केवल संभावनाओं वाले क्षेत्र से प्रगति के क्षेत्र में बदल दिया है। ब्रह्मपुत्र अब केवल एक नदी नहीं रह गई है। उनके नेतृत्व में, यह लाखों लोगों के लिए अवसरों का राजमार्ग बन रही है। उनके कुशल नेतृत्व में, अंतर्देशीय जलमार्गों को परिवहन के सबसे किफायती और पर्यावरण-अनुकूल माध्यम के रूप में बदला जा रहा है। इन्हें सुदृढ़ बनाने से भारत के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में बदलाव का मार्ग प्रशस्त हुआ है, जिससे विकास के नए अवसर खुल गए हैं।

# अंतिम हिन्दू सम्राट पृथ्वीराज चौहान को समर्पित विचार गोष्ठी का आयोजन




-नानबाबू चौहान

लखनऊ (उत्तरशक्ति)। चौहान समाज द्वारा चौहान सामाजिक एवं राजनीतिक एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रविवार, 15 मार्च 2026 को लखनऊ में आयोजित होगा। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष राजेश चौहान (इंजीनियर), पी.एल. सिंह चौहान तथा डॉ. रामनाथ चौहान ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य चौहान समाज के विभिन्न संगठनों को एक मंच पर लाना और समाज की राजनीतिक एकता को सुदृढ़ करना है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में दिल्ली, जौनपुर, लखनऊ, ग्वालियर, भोपाल और मुंबई सहित पूर्वांचल और प्रदेश के विभिन्न स्थानों से चौहान समाज के प्रतिनिधि और नेता भाग लेंगे। चौहान समिति की ऑर्डिनेशन कमेटी एवं चौहान कल्याण सोसाइटी, लखनऊ के अनुसार कार्यक्रम कुर्सी रोड स्थित स्पोर्ट्स कॉलेज से लगभग एक किलोमीटर आगे, ग्रीन सिटी अस्पताल के निकट, होटल एस.एस. ग्रैंड से लगभग 100 मीटर आगे बाईं ओर द्वारका स्टेट, कुर्सी रोड पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में चौहान समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल होंगे। इस अवसर पर समाज की एकता, सामाजिक उत्थान और राजनीतिक भागीदारी जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। आयोजन समिति ने चौहान समाज के सभी संगठनों और कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# नन्हें कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियों से सजा ऑर्किड पेटल्स का वार्षिक समारोह

पटना। ऑर्किड पेटल्स प्ले स्कूल की राजेंद्र नगर एवं पटना सिटी शाखाओं द्वारा फ्रेजर रोड स्थित भारतीय नृत्य कला मंदिर में वार्षिक समारोह बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नन्हें - मुन्हें बच्चों ने रंगारंग नृत्य एवं रोचक नाटिकाओं के माध्यम से पूरे वर्ष में स्कूल में होने वाली विभिन्न गतिविधियों और सीखने की प्रक्रिया को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्राचार्या गरिमा धरणिधरका के मार्गदर्शन और रचनात्मक नेतृत्व में किया गया। इस वर्ष के वार्षिक समारोह की थीम ए ईयर ऑफ वंडर्स तथा पैलेट ऑफ कलर्स थी, जिसके माध्यम से बच्चों के पूरे वर्ष के सीखने के अनुभवों को आकर्षक प्रस्तुतियों द्वारा दशार्या गया। इस अवसर पर 150 से अधिक विद्यार्थियों ने मंच पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशकों वीनू भार्तिया और सरिता मोदी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद बच्चों ने विद्यालय की प्रार्थना सभा का मनमोहक प्रदर्शन करते हुए अतिथियों का स्वागत किया और स्कूल में गाए जाने वाले गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का एक आकर्षण ओशन डांस रहा।

# वडाला पश्चिम निवासी के के मिश्रा बच्चन की धर्मपत्नी श्रीमती ऊषा मिश्रा नहीं रही

## शव यात्रा उनके निवास स्थान वडाला पश्चिम से दोपहर 1.00 बजे आज निकलेगी



मुंबई (उत्तरशक्ति)। पंडित समाजसेवी व ओडिसी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी वडाला पश्चिम के संचालक तथा दैनिक उत्तर शक्ति समाचार पत्र संरक्षक कृष्णकांत मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती ऊषा मिश्रा का आकस्मिक निधन दिनांक 13 मार्च 2026 दिन शुक्रवार को प्रातः 8 बजे एक निजी अस्पताल पर हो गया हैं, जिनका अंतिम संस्कार दिनांक 15 मार्च 2026 दिन रविवार को मुक्तिधाम पर किया जाएगा। उनके पति कृष्णकांत मिश्रा बच्चन मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार करेंगे। श्रीमती उषा मिश्रा एक सरल, सहज, मृदुभाषी एवं धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी। समाज के लिए भी उन्होंने अनेक उल्लेखनीय कार्य किए। सामाजिक कार्य में वे सदैव अग्रणी भूमिका निभाती थी । उनके निधन पर कई गणमान्य लोगों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि ईश्वर परिवार वालों को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। परमात्मा निज आत्मा को सांची शांति आप दें। उन्होंने अपने पिछे पुत्र डॉ सागर मिश्रा, पुत्र वधू श्रीमती प्रियंका मिश्रा, पुत्र अमन मिश्रा सहित भरापुर परिवार छोड़ गई है। उनका शोक सभा प्रति दिन निजी आवास विल्डिंग नंबर 189 नजारथ मेंशन रोड नं 57 निय र एस आई डब्ल्यू एस कालेज वडाला पर रखी गई है। सभी सगा-संबंधी, शुभचिंतकों एवं मित्र गणों से प्रार्थना है कि ठीक समय पर पधार कर शव यात्रा में शामिल हो कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करें। यह जानकारी दैनिक उत्तर शक्ति समाचार पत्र के रवि तिवारी ने दी है।

# लोक जनशक्ति पार्टी के नेताओं ने स्व. प्यारे लाल सरोज को दी श्रद्धांजलि

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेताओं ने जौनपुर जिले के देवरिया (सभलगंज) स्थित पैतृक गांव पहुंचकर पार्टी के दिवंगत प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष स्वर्गीय प्यारे लाल सरोज को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं सांसद अरुण भारती ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि स्व. प्यारे लाल सरोज ने पार्टी संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनका निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमला कुमारी, प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासवान (एडवोकेट), प्रदेश प्रधान महासचिव विकास पांडेय, प्रदेश महासचिव आशुतोष सिंह गहरवार, प्रदेश संगठन महामंत्री धनंजय दुबे, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शिवम मिश्रा तथा जौनपुर जिला अध्यक्ष रीता सरोज सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने स्व. प्यारे लाल सरोज के सामाजिक और राजनीतिक योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# चोपन पुल से युवती ने सोन नदी में लगाई छलांग, हालत गंभीर

-सुशील कुमार तिवारी

सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। जिले के चोपन थाना क्षेत्र में वाराणसीझ्शक्तिनगर मुख्य मार्ग स्थित पुराने सोन पुल से एक युवती के सोन नदी में छलांग लगाने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि युवती ने अचानक पुल से नदी में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस और प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और राहत-बचाव टीम मौके पर पहुंच गई। इस दौरान दाह संस्कार का कार्य करने वाले राहुल चौधरी ने साहस का परिचय देते हुए नदी में उतरकर युवती को बाहर निकाला। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने गंभीर हालत में युवती को तत्काल अस्पताल भिजवाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। फिलहाल युवती की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने में जुटी है कि युवती ने नदी में छलांग क्यों लगाई।

# अलग पूर्वांचल राज्य से क्षेत्र की पहचान मजबूत होगी और पलायन रुकेगा: पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा



सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। अलग पूर्वांचल राज्य की मांग को लेकर सक्रिय संगठन पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा ने एक बार फिर इस मुद्दे को उठाया है। संगठन के महासचिव अधिवक्ता पवन कुमार सिंह ने शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अलग पूर्वांचल राज्य बनने से क्षेत्र की संस्कृति, भाषा और पहचान को मजबूती मिलेगी तथा विकास के नए रास्ते खुलेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का भौगोलिक आकार बहुत बड़ा होने के कारण प्रशासनिक कार्यों में कई बार कठिनाइयां आती हैं। ऐसे में यदि पूर्वांचल को अलग राज्य का दर्जा मिलता है तो सरकार जनता के और करीब होगी तथा प्रशासनिक निर्णय तेजी से लिए जा सकेंगे। इससे शासन-प्रशासन की जवाबदेही भी बढ़ेगी और लोगों को बेहतर व त्वरित सेवाएं मिल सकेंगी।

पवन कुमार सिंह ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद सरकार पूर्वांचल की स्थानीय जरूरतों को बेहतर ढंग से समझ सकेगी और उसी के अनुसार विकास योजनाएं तैयार कर सकेगी। इससे पिछड़े क्षेत्रों के विकास में तेजी आएगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, जिससे क्षेत्र से होने वाला पलायन भी काफी हद तक रुक सकेगा।

उन्होंने बताया कि पूर्वांचल क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों से भी समृद्ध है। यहां कोयला, चूना पत्थर, बॉक्साइट, एल्युमिनियम सहित कई खनिज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। यदि अलग राज्य का गठन होता है तो इन संसाधनों का बेहतर उपयोग कर औद्योगिक विकास को बढ़ावा दिया जा सकता है। महासचिव ने कहा कि नए राज्य के गठन से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को भी मजबूत किया जा सकेगा, जिससे लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही पूर्वांचल की संस्कृति, भाषा और क्षेत्रीय पहचान को भी राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की कि उत्तर प्रदेश के पूर्वी हिस्से को अलग कर पूर्वांचल राज्य के गठन पर गंभीरता से विचार किया जाए, ताकि क्षेत्र के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त हो सके।

# उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा का डीएम व एसपी ने किया औचक निरीक्षण



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र और पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह ने शनिवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने टी.डी. कॉलेज, बीआरपी इंटर कॉलेज, मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज और वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय सहित कई परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। इस दौरान परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, अभ्यर्थियों की तलाशी प्रक्रिया और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। प्रशासन की ओर से बताया गया कि जनपद में परीक्षा के लिए कुल 19 केंद्र बनाए गए हैं। यह परीक्षा 14 मार्च और 15 मार्च 2026 को प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जा रही है। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिले में 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 19 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 19 केंद्र व्यवस्थापक और लगभग 700 कक्ष निरीक्षकों की तैनाती की गई है।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी, सीसीटीवी से लगातार निगरानी, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती और यातायात व्यवस्था को सुचारु रखा जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम और एसपी ने बताया कि परीक्षा के निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संचालन के लिए पिछले कई दिनों से व्यापक तैयारियां की जा रही थीं, जिसके परिणामस्वरूप जिले में परीक्षा नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराई जा रही है।

# हाईवे पर ट्रक से टकराकर काशी नरेश की कार हुई क्षतिग्रस्त

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। जनपद में मिजार्मुराद नेशनल हाईवे-19 पर शुक्रवार दोपहर काशी नरेश अनंत नारायण सिंह की कार मिजार्मुराद हाईवे पर एक ट्रक की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में काशी नरेश, उनके परिवार के सदस्य और सुरक्षाकर्मी पूरी तरह सुरक्षित रहे ।जानकारी के अनुसार, काशी नरेश अनंत नारायण सिंह अपने रामनगर स्थित आवास किले से परिवार और सुरक्षा कर्मियों के साथ प्रयागराज जा रहे थे ।मिजार्मुराद के समीप नेशनल हाईवे-19 पर पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी ।टक्कर इतनी भीषण थी कि कार ट्रक के अगले हिस्से में करीब 10 मीटर तक घिसटती चली गई। हादसे के समय कार में सवार सभी लोग सुरक्षित बताए गए हैं ।दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही मिजार्मुराद थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और हाईवे पर यातायात को व्यवस्थित कराया। पुलिस की मौजूदगी में कुछ ही देर में आवागमन सामान्य हो गया।

# भारतीय रेल वित्त निगम के सौजन्य से 100 छात्राओं को खेल सामग्री किट वितरित



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद के खुटहन क्षेत्र स्थित ग्राम विकास इंटर कॉलेज में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में भारतीय रेल वित्त निगम के सौजन्य से विभिन्न खेलों में भाग लेने वाली 100 छात्राओं को खेल सामग्री किट वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय रेल भूमि विकास प्राधिकरण के प्रबंधक ओमप्रकाश यादव (आईआरएस) ने छात्राओं को ट्रैक सूट, जूते, मोजे सहित अन्य खेल सामग्री प्रदान की। खेल किट पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।

मुख्य अतिथि ओमप्रकाश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि आज का समय बेटियों के लिए अवसरों से भरा हुआ है। बेटियां शिक्षा, खेल, विज्ञान, प्रशासन समेत हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और देश व समाज का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक मजबूती ही नहीं देता, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करता है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि लक्ष्य तय कर लगन और मेहनत के साथ आगे बढ़ा जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। सरकार भी बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगातार प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने छात्राओं से खेल और पढ़ाई दोनों में संतुलन बनाकर आगे बढ़ने और अपने विद्यालय, परिवार व जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक डॉ. रमेश यादव ने की, जबकि संचालन ईश्वरदेव यादव ने किया। प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक एवं खेल गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्रीराम कुमार यादव, राम शिरोमणि वर्मा, डॉ. सुनील कांत तिवारी, अनिल यादव सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य व छात्राएं मौजूद रहीं।

# लखनऊ में 4 वर्षीय मासूम की हत्या का खुलासा, पिता और सौतेली मां गिरफ्तार

-डॉ. आबिद खान



लखनऊ (उत्तरशक्ति)। थाना चौक क्षेत्र में चार वर्षीय मासूम की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए पिता और उसकी सौतेली मां को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 13 मार्च 2026 को वादी श्रीमती सुधा कश्यप निवासी सहजनगर, जनपद उन्नाव ने सूचना दी कि उनका नाती अर्नव खरबन्दा अपने पिता के घर से लापता है। जानकारी मिलने पर जब परिजन लाजपत नगर स्थित मकान पहुंचे तो बच्चे का शव कमरे में पड़ा मिला। शव पर चोट के निशान के साथ जलाने के भी चिन्ह पाए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने हत्या की आशंका के आधार पर थाना चौक में मुकदमा संख्या 040/2026 धारा 103 बीएनएस के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए मुखबिर की सूचना पर 14 मार्च 2026 को सुबह करीब 10:30 बजे नेहरू युवा केंद्र के पास से आरोपी भीम खरबन्दा पुत्र ओमप्रकाश खरबन्दा निवासी मकान नंबर 11/2 लाजपत नगर थाना चौक लखनऊ और उसकी पत्नी रानी खरबन्दा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आरी, वायर, तेज धार चाकू, स्केल, बेल्ट और रस्सी भी बरामद की है। यह पूरी कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक नागेश उपाध्याय के नेतृत्व में की गई, जिसमें वरिष्ठ उप निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा और उप निरीक्षक जयकृष्ण द्विवेदी थाना चौक कमिश्नरेट लखनऊ की टीम शामिल रही। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# साली से शादी का दबाव बनाने के लिए युवक का अपहरण, 24 घंटे में पुलिस ने कराया मुक्त

जफराबाद, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। क्षेत्र के बीबीपुर गांव निवासी एक युवक का बदमाशों ने अपहरण कर लिया। अपहरणकताओं में शामिल एक युवक पीड़ित की साली से शादी करना चाहता था और उसी दबाव में उसने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के भीतर अपहृत युवक को सकुशल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार बीबीपुर गांव निवासी रविंदर यादव पुत्र जखन यादव की कबुलपुर बाजार में अंडे की दुकान है। वह 11 मार्च की रात रोज की तरह दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक चार पहिया वाहन से पहुंचे कुछ लोगों ने उन्हें जबरन वाहन में बैठाकर अपहरण कर लिया। देर रात अपहरणकताओं में शामिल रामकिरत यादव पुत्र सियाराम यादव निवासी गडसरा थाना चोलापुर जनपद वाराणसी ने रविंदर की पत्नी रिंकू यादव के मोबाइल पर फोन कर धमकी दी कि यदि वह अपने पति को सकुशल देखना चाहती है तो अपनी बहन अंजली की शादी उससे करवा दे। इतना कहकर उसने फोन काट दिया। घटना से घबराई रिंकू यादव ने परिजनों और रिश्तेदारों को इसकी जानकारी दी और बाद में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और मुखबिर की सूचना पर आरोपी रामकिरत यादव को उसके गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर अपहृत रविंदर यादव को बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल ने बताया कि घटना के बाद पुलिस टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई की गई, जिसके चलते 24 घंटे के भीतर अपहृत युवक को सकुशल बरामद कर लिया गया और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# दिशा बौद्धिक पाठ्यक्रम विषय पर तीन दिवसीय सीआरई कार्यक्रम का शुभारंभ



वाराणसी (उत्तरशक्ति)। रोहनिया खुशीपुर स्थित सीआरसी के सभागार में गुरुवार को सीआरसी वाराणसी के निदेशक डॉ. आशीष कुमार झा देखरेख में राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान, सिकंदराबाद के क्षेत्रीय केंद्र मुंबई तथा जय वकील फाउंडेशन, मुंबई के सहयोग से दिशा बौद्धिक पाठ्यक्रम विषय पर तीन दिवसीय सीआरई कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसके दौरान कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. रवि कुमार सिंह, प्रभारी अधिकारी, राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र मुंबई ने सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम की रूपरेखा तथा दिशा बौद्धिक पाठ्यक्रम के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की ।कार्यक्रम के उद्घाटन पर सीआरसी वाराणसी के निदेशक डॉ. आशीष कुमार झा ने सभी अतिथियों का अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। अपने स्वागत उद्बोधन में उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम दिव्यांगजन के क्षेत्र में कार्यरत विशेषज्ञों के ज्ञान और कौशल को और अधिक सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।तकनीकी सत्र में डॉ. वसीम अहमद खान, प्रवक्ता (विशेष शिक्षा), राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र नोएडा तथा आशुतोष सिंह, प्रवक्ता (विशेष शिक्षा), राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र नोएडा ने अपने व्याख्यान के माध्यम से प्रतिभागियों को विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही जय वकील फाउंडेशन की टीम द्वारा भी दिशा पाठ्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई ।इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में नमो नारायण पाठक, असिस्टेंट प्रोफेसर (विशेष शिक्षा), सीआरसी वाराणसी तथा उनकी टीम की विशेष भूमिका रही ।कार्यक्रम के समापन सत्र में सीआरसी वाराणसी एवं पीएमडी वाराणसी के सहयोग से राष्ट्रीय एडिप योजना एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत लगभग 10 लाख रुपये मूल्य के सहायक उपकरण 50 दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क वितरित किए गए ।यह कार्यक्रम दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्यरत पेशेवरों के लिए ज्ञानवर्धन एवं कौशल विकास का एक महत्वपूर्ण अवसर सिद्ध हो रहा है।

# राज्य मंत्री ने स्वच्छता अभियान के तहत वरुणा नदी का किया साफ सफाई




वाराणसी (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी वाराणसी सत्येंद्र कुमार के निर्देशन में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं सृजन सामाजिक विकास न्यास के संयोजन में पर्यावरण विद अनिल कुमार सिंह की अगुवाई में शुक्रवार को वरुणापुल स्थित शास्त्री घाट पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि राज्य मंत्री रविंद्र जायसवाल तथा विशिष्ट अतिथि 95 बटालियन सीआरपीएफ के कमांडेंट बाला पुरकर, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी रोहित सिंह एवं गंगा हरितिमा अभियान के ब्रांड एंबेसडर अनिल सिंह ने संयुक्त रूप से ड्रोन का बटन दबाकर अभियान का शुभारंभ करते हुए वरुणा नदी का साफ सफाई किया। ड्रोन के माध्यम से नदी में कीटनाशक दावों का छिड़काव किया गया ।कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण विद अनिल सिंह ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता एवं पर्यावरण हेतु शपथ दिलाया। स्वच्छता अभियान में एपेक्स हास्पिटल,सनबीम बरुणा तथा एनडीआरएफ, शिवम् अग्रहरी तथा पार्षद दिनेश यादव की टीम ने भी सहयोग किया।

# गैस की कीमतों में वृद्धि के विरोध में किया प्रदर्षन

जौनपुर ( उत्तरशक्ति )। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन देश में बढ़ती महंगाई, एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि और गैस की किल्लत के विरोध में किया गया ।पार्टी के राष्ट्रीय नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की और राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राम रतन विश्वकर्मा ने कहा कि हाल ही में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में 60 रुपये और कमर्शियल सिलेंडर में 120 रुपये की बढ़ोतरी गरीब और मध्यम वर्ग पर सीधा हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है और छोटे व्यापारियों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है ।गैस की किल्लत के कारण होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े लाखों छोटे कारोबारी प्रभावित हो रहे हैं।

## 26/11 मुंबई हमले पर बनेगी फिल्म 'भारत भाग्य विधाता'



नेशनल अवॉर्ड विनर और सांसद कंगना रनौत अब एक ऐसी फिल्म लेकर आ रही हैं, जो 26/11 के मुंबई आतंकी हमलों के एक अलग पहलू को दुनिया के सामने रखेगी।

इस फिल्म का नाम है 'भारत भाग्य विधाता'। यह फिल्म हमलों के दौरान अस्पताल के भीतर स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा दिखाए गए अदम्य साहस पर आधारित होगी।

वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, कंगना इस फिल्म में एक स्टाफ नर्स की मुख्य भूमिका निभाएंगी। फिल्म का उद्देश्य उन 'अनसंग हीरोज' (गुमनाम नायकों) को सम्मान देना है, जिन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर मरीजों की सुरक्षा की। यह फिल्म 26 नवंबर 2008 की उन वास्तविक घटनाओं को पर्दे पर उतारेगी जब आतंकी अजमल कसाब और इस्माइल खान ने एक अस्पताल परिसर को निशाना बनाया था। फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे आतंकियों ने सुरक्षा गार्डों पर हमला किया और अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई।

नर्सों और डॉक्टरों ने सूझबूझ दिखाते हुए खिड़कियां-दरवाजे सील किए और बत्तियां बंद कर दीं ताकि आतंकियों की नजर से बचा जा सके।

मौत के साये के बीच भी स्टाफ ने गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाया।

कंगना रनौत को हाल ही में फिल्म इमरजेंसी में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में देखा गया था। इसके अलावा, उनके हॉलीवुड डेब्यू (हॉरर ड्रामा ब्लेस्ड बी द डेविल) को लेकर भी काफी चर्चाएं हैं।

# Middle East संकट और US Dollar की मजबूती का असर, Gold Rate में लगातार गिरावट जारी

वैश्विक बाजार में सोने की कीमतें साप्ताहिक गिरावट की ओर अग्रसर हैं, क्योंकि मजबूत डॉलर और ब्याज दरों में कटौती में देरी की आशंका ने मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव से मिलने वाले समर्थन को कम कर दिया है।

वैश्विक बाजार में सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है और इस सप्ताह की चाल यह संकेत दे रही है कि कीमती धातु लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट के साथ बंद हो सकती है। मौजूद जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सोने की कीमतों में हल्की बढ़त जरूर दर्ज की गई, लेकिन पूरे सप्ताह का रुख कमजोर ही बना हुआ है।

विशेषज्ञों का कहना है कि मध्य पूर्व में जारी संघर्ष और ऊर्जा कीमतों में तेजी के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में महंगाई बढ़ने की आशंका ने निवेशकों को सतर्क कर दिया है।

शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की तत्काल कीमत में हल्की बढ़त दर्ज की गई और यह मामूली बढ़त के साथ लगभग



पांच हजार पचासी डॉलर प्रति औंस के आसपास पहुंची है। वहीं सोने के वायदा सौदों में कुछ गिरावट देखी गई और यह थोड़ा नीचे के स्तर पर कारोबार करता नजर आया है।

गौरतलब है कि पूरे सप्ताह के दौरान सोने की कीमतों में लगभग दो प्रतिशत तक गिरावट का अनुमान जताया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार सोने को आम तौर पर संकट के समय सुरक्षित निवेश माना जाता है, लेकिन इस बार मजबूत डॉलर ने इसकी चमक कुछ कम कर दी है।

मौजूद जानकारी के अनुसार मध्य पूर्व में जारी युद्ध के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार भी प्रभावित हुआ है। फारस की खाड़ी के महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से बड़ी मात्रा में तेल और गैस का परिवहन होता है, जिनका इस्तेमाल उर्वरक, प्लास्टिक और अन्य औद्योगिक उत्पादों में किया जाता है।

यदि इन ऊर्जा संसाधनों की कीमतें तेजी से बढ़ती हैं तो इसका असर दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं पर महंगाई के रूप में पड़ सकता है। यही वजह है कि निवेशक अब केंद्रीय बैंकों की अगली नीतिगत घोषणाओं पर भी नजर बनाए हुए हैं।

गौरतलब है कि यदि महंगाई बढ़ने का दबाव बना रहता है तो कई देशों के केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में कटौती के फैसले को टाल सकते हैं। ऊंची ब्याज दरें आम तौर पर सोने की कीमतों के लिए नकारात्मक मानी जाती हैं, क्योंकि ऐसे समय निवेशक ब्याज देने वाली परिसंपत्तियों की ओर अधिक आकर्षित होते हैं।

मौजूद जानकारी के अनुसार अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा महंगाई के एक प्रमुख सूचकांक पर जारी ताजा आंकड़ों में भी कीमतों में वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले बारह महीनों के दौरान महंगाई की दर तीन प्रतिशत से थोड़ा अधिक रही है, जो बाजार के अनुमान के करीब बताई जा रही है।

हालांकि समग्र महंगाई दर थोड़ी कम दर्ज की गई है, लेकिन खाद्य पदार्थ और ऊर्जा जैसी अस्थिर वस्तुओं को हटाकर देखे गए आंकड़े अपेक्षाकृत मजबूत बने हुए हैं।

इसी बीच विश्लेषकों का कहना है कि भले ही कुछ समय में सोने की कीमतों पर दबाव बना हुआ है, लेकिन अनिश्चित वैश्विक माहौल में यह निवेशकों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा साधन बना रहेगा।

सोने के अलावा अन्य कीमती धातुओं में भी हल्की बढ़त दर्ज की गई है। चांदी और प्लेटिनम की कीमतों में शुक्रवार को कुछ सुधार देखा गया, हालांकि पूरे सप्ताह का प्रदर्शन अपेक्षाकृत सीमित ही रहा है।

## वैश्विक अस्थिरता के बावजूद अदाणी समूह के डॉलर बॉन्ड पर निवेशकों का भरोसा अटूट



पश्चिम एशिया संकट से उपजी वैश्विक अस्थिरता के बावजूद अदाणी समूह के डॉलर बॉन्ड पर निवेशकों का भरोसा अटूट है, क्योंकि अदाणी पोर्ट्स की बॉन्ड पुनर्खरीद पेशकश पर 60% से अधिक निवेशकों ने अपने बॉन्ड बनाए रखने का फैसला किया। यह रुझान समूह की वित्तीय स्थिरता और कर्ज प्रबंधन रणनीति में बाजार के गहरे विश्वास को दर्शाता है।

पश्चिम एशिया संकट से वैश्विक बाजारों में आई अस्थिरता के बीच निवेशकों ने अदाणी समूह के डॉलर में जारी बॉन्ड बेचने में बहुत कम दिलचस्पी दिखाई है। समूह की बंदरगाह कंपनी एपीएसईजेड की तरफ से बॉन्ड पुनर्खरीद की पेशकश के बावजूद ऐसा निवेशक रुझान देखने को मिला है। मामले से परिचित सूत्रों ने कहा कि अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने नकद निविदा प्रस्ताव के जरिये अमेरिकी डॉलर में जारी दो श्रृंखलाओं के जल्द परिपक्व होने वाले बॉन्ड का कुछ हिस्सा वापस खरीद लिया। इससे कंपनी के बकाया ऋण में लगभग 19.95 करोड़ अमेरिकी डॉलर की कमी आई। इस पेशकश के तहत वर्ष 2027 में परिपक्व होने वाले चार प्रतिशत ब्याज दर वाले 34.51 करोड़ डॉलर तक के बॉन्ड और वर्ष 2031 में परिपक्व होने वाले 3.10 प्रतिशत ब्याज दर वाले 15 करोड़ डॉलर तक के बॉन्ड शामिल थे। इस तरह कुल मिलाकर लगभग 49.5 करोड़ डॉलर तक की संभावित पुनर्खरीद की पेशकश की गई थी। हालांकि बॉन्डधारकों ने अपेक्षा से कहीं कम मात्रा में बॉन्ड वापस बेचने की पेशकश की। आखिरकार कंपनी ने 2027 में परिपक्व होने वाले बॉन्ड में से 10.21 करोड़ डॉलर और 2031 में परिपक्व होने वाले बॉन्ड में से 9.75 करोड़ डॉलर स्वीकार किए। इस तरह 60 प्रतिशत से अधिक निवेशकों ने अपने बॉन्ड अपने पास ही रखने का फैसला किया और पुनर्खरीद प्रस्ताव के जरिये बाहर निकलने का विकल्प नहीं चुना।

सूत्रों ने कहा कि प्रारंभिक समय-सीमा के बाद निवेशकों ने 2027 में परिपक्व होने वाले बॉन्ड में पांच लाख डॉलर और 2031 में परिपक्व होने वाले बॉन्ड में 21.3 लाख डॉलर अतिरिक्त पेश किए। इस तरह कुल बॉन्ड पुनर्खरीद बढ़कर 19.95 करोड़ डॉलर हो गई। यह कदम देश की सबसे बड़ी निजी बंदरगाह संचालन कंपनी एपीएसईजेड की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत कंपनी अपने बही-खाते में उपलब्ध अतिरिक्त नकदी का उपयोग कर धीरे-धीरे कर्ज घटा रही है।

अदाणी समूह की कंपनी ने हाल के वर्षों में पुनर्वित्तपोषण और चयनित पुनर्खरीद के जरिए अपने कर्ज ढांचे को पुनर्गठित किया है और इसके साथ अंतरराष्ट्रीय पूंजी बाजारों तक अपनी पहुंच भी बनाए रखी है। इस लेनदेन से जुड़े एक व्यक्ति ने कहा, हमें उम्मीद थी कि अधिक निवेशक बॉन्ड वापस बेचेंगे लेकिन प्रतिक्रिया काफी सकारात्मक रही। सूत्रों ने कहा कि अमेरिका स्थित कुछ संस्थागत निवेशक द्वितीयक बाजार में भी अदाणी समूह से जुड़े बॉन्ड में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रहे हैं। प्रारंभिक समयसीमा के बाद स्वीकार किए गए बॉन्ड का निपटान 16 मार्च के आसपास होने की संभावना है।

## जारी संघर्ष का असर अब हवाई यात्रा पर



वैश्विक विमान ईंधन की कीमतों में 80% से अधिक की वृद्धि के बाद, इंडिगो ने मध्य पूर्व के भू-राजनीतिक तनाव का हवाला देते हुए टिकटों पर एक नया ईंधन अधिभार लगाया है। यह नया शुल्क शनिवार से लागू होगा, जिससे यात्रियों पर उनके यात्रा गंतव्य के आधार पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा।

मध्य पूर्व में जारी संघर्ष का असर अब हवाई यात्रा पर भी दिखाई देने लगा है। देश की प्रमुख विमानन कंपनी इंडिगो ने घोषणा की है कि वह अपनी सभी उड़ानों के टिकट पर अतिरिक्त ईंधन शुल्क लगाएगी।

मौजूद जानकारी के अनुसार यह नया शुल्क शनिवार यानी चौदह मार्च की रात बारह बजकर एक मिनट से लागू किया जाएगा। इसके बाद जो भी यात्री नई बुकिंग करेंगे उन्हें टिकट के साथ अतिरिक्त शुल्क देना होगा। कंपनी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह फैसला ईंधन की कीमतों में अचानक आई भारी बढ़ोतरी के कारण लिया गया है। बताया गया है कि मध्य पूर्व में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव के कारण वैश्विक स्तर पर विमान ईंधन की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। गौरतलब है कि विमान कंपनियों के कुल संचालन खर्च में ईंधन का हिस्सा काफी बड़ा होता है। ऐसे में कीमतों में अचानक वृद्धि का सीधा असर विमानन कंपनियों की लागत पर पड़ता है। कंपनी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय विमानन संगठन के ईंधन निगरानी आंकड़ों के अनुसार क्षेत्र में विमान ईंधन की कीमतों में अस्सी प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यही वजह है कि कई विमानन कंपनियों के सामने संचालन लागत संभालना चुनौती बन गया है। इंडिगो का कहना है कि यदि ईंधन कीमतों के पूरे असर को टिकट में जोड़ा जाए तो किराया काफी ज्यादा बढ़ सकता है। हालांकि यात्रियों पर ज्यादा बोझ न पड़े, इस बात को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने अपेक्षाकृत कम अतिरिक्त शुल्क लगाने का फैसला किया है। मौजूद जानकारी के अनुसार देश के भीतर यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रति यात्रा चार सौ पच्चीस रुपये अतिरिक्त देने होंगे। इसी तरह भारतीय उपमहाद्वीप के लिए भी इतना ही शुल्क तय किया गया है।

मध्य पूर्व जाने वाली उड़ानों के लिए यह शुल्क नौ सौ रुपये रखा गया है। वहीं दक्षिण पूर्व एशिया और चीन की उड़ानों के लिए लगभग अठारह सौ रुपये अतिरिक्त लिए जाएंगे।

अफ्रीका और पश्चिम एशिया के लिए भी शुल्क करीब अठारह सौ रुपये निर्धारित किया गया है, जबकि यूरोप की उड़ानों पर लगभग तेईस सौ रुपये का अतिरिक्त ईंधन शुल्क लगाया जाएगा। कंपनी ने अपने बयान में कहा है कि यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए उसे खेद है, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में यह कदम जरूरी हो गया था। साथ ही कंपनी ने यह भी कहा है कि वह स्थिति पर लगातार नजर रखेगी और हालात सामान्य होने पर आवश्यक बदलाव किए जा सकते हैं। बता दें कि हाल के दिनों में मध्य पूर्व में बढ़ते संघर्ष के कारण वैश्विक स्तर पर तेल और समुद्री परिवहन व्यवस्था प्रभावित हुई है। इसका असर ऊर्जा कीमतों से लेकर हवाई यात्रा और व्यापार तक कई क्षेत्रों पर पड़ता दिखाई दे रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि क्षेत्र में तनाव लंबे समय तक बना रहता है तो आने वाले समय में हवाई किरायों में और उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

## रणवीर सिंह का धुआंधार एक्शन, सबसे भयानक आखिरी 45 मिनट



फिल्म धुरंधर 2 की रिलीज डेट जैसे-जैसे करीब आ रही है, वैसे-वैसे इसे लेकर क्रेज बढ़ रहा है। इसकी रिलीज में अभी 6 दिन बाकी है। वहीं, पेड प्रीव्यू शो 18 मार्च को होगा, जिसकी एडवांस बुकिंग जोरों पर हो रही है। इसी बीच मूवी का पहला रिव्यू सामने आ गया है।

रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 को देखने के लिए लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। डायरेक्टर आदित्य धर की ये फिल्म जोरदार एक्शन और इमोशन से भरी पड़ी है। इसी बीच फिल्म का पहला रिव्यू सामने आया है।

फिल्म धुरंधर 2 का पहला रिव्यू फिल्म क्रिटिक्ट उमैर संधू ने किया है। उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी पर मूवी का रिव्यू शेयर किया है। उन्होंने बताया कि धुरंधर द रिवेंज की कहानी और क्लाइमैक्स आपका दिमाग घुमाकर रख देंगे। फिल्म के आखिरी 45 मिनट सबसे भयानक है और यही फिल्म का जान है। फिल्म के हर एक्टर ने अपनी अदायगी से महफिल लूटी है। ओवरऑल बात करें तो फिल्म एंटरटेनमेंट से भरी पड़ी है। रणवीर सिंह का पहले कभी ना देखा गया लुक, स्टाइल, एक्शन देखने को मिल रहा है।

फिल्म क्रिटिक्ट उमैर संधू ने आगे लिखा कि कोई शक नहीं है कि धुरंधर 2 शानदार ओपनिंग करेंगी। बिजनेस के नजरिए से देखें तो ये कमाई में नए रिकॉर्ड बनाएगी। ये ब्लॉकबस्टर होगी और दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 3000 करोड़ का कलेक्शन कर सकती है। उन्होंने आगे लिखा- धुरंधर द रिवेंज ब्लॉकबस्टर है, आज से पहले रणवीर सिंह को ऐसे एक्शन अवतार में कभी नहीं देखा गया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बाहुबली सहित अन्य फिल्मों के रिकॉर्ड ब्रेक करेगी।

धुरंधर 2 का पेड प्रीव्यू शो 18 मार्च को होने वाला है। इस शो के लिए जमकर एडवांस बुकिंग हो रही है। फिल्म देखने का क्रेज इतना ज्यादा है कि लोग 3100 रुपए का टिकट भी खरीद रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो धुरंधर द रिवेंज ने पेड प्रीव्यू की एडवांस टिकट सेल से तकरीबन 22.3 करोड़ रुपए ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। फिल्म की रिलीज में अभी 5 दिन बाकी है और इस आंकड़े में अभी और उछाल देखने को मिलेगा।

डायरेक्टर आदित्य धर की फिल्म धुरंधर 2 19 मार्च को दुनियाभर से सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। बता दें कि ये 2025 में आई फिल्म धुरंधर का सीक्वल है। इस फिल्म ने 1349 करोड़ का कलेक्शन किया और ये 2025 की सबसे कमाऊ फिल्म बनी थी।

धुरंधर 2 डायरेक्टर आदित्य धर की फिल्म एक स्पाई एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसमें रणवीर सिंह, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, सारा अर्जुन, राकेश बेदी लीड रोल में नजर आएंगे। दोनों ही फिल्म का कुल बजट 475 करोड़ है। धुरंधर 2 की कहानी की बात करें तो जिसमें रणवीर सिंह हमजा अली मजारी और जसकीरत सिंह रंगी के रोल में नजर आएंगे हैं। ये फिल्म पहले भाग की कहानी को आगे बढ़ेगी। इसमें पाकिस्तान के ल्यारी इलाके के आपराधिक राजनीतिक तंत्र के भीतर घुसकर, 26/11 के हमलों का बदला लेने और भारत के खिलाफ रची जा रही साजिशों को नाकाम करना दिखाया जाएगा।

## दूध की शुद्धता के लिए सरकार हुई सख्त, राज्यों में चलेगा विशेष पंजीकरण अभियान

बिजनेस डेस्क। देशभर में दूध में मिलावट और घटिया गुणवत्ता की बढ़ती शिकायतों के बीच भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। अब डेयरी सहकारी समितियों के सदस्यों को छोड़कर, देश के हर दूध उत्पादक और विक्रेता के लिए FSSAI पंजीकरण या लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया गया है।

FSSAI ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खाद्य आयुक्तों को कड़े निर्देश जारी करते हुए कहा है कि बाजार में सक्रिय कई दूध विक्रेता वर्तमान में बिना किसी वैध पंजीकरण के कारोबार कर रहे हैं। नियामक ने स्पष्ट कर दिया है कि नया काम शुरू करने या वर्तमान कारोबार को जारी रखने के लिए अब सरकारी अनुमति का प्रमाण-पत्र होना अनिवार्य है।

अनिवार्य पंजीकरणः केवल वही दूध उत्पादक छूट के दायरे में होंगे जो किसी पंजीकृत डेयरी सहकारी समिति (जैसे अमूल, सांची आदि) के सदस्य हैं। बाकी सभी को लाइसेंस लेना होगा।

सख्त निगरानीः खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे जमीनी स्तर पर जाकर विक्रेताओं के लाइसेंस की जांच करें।

कोल्ड चेन की जांचः दूध के भंडारण और चिलिंग सेंटर्स की गुणवत्ता पर विशेष नजर रखी जाएगी ताकि उपभोक्ता तक पहुंचने से पहले दूध खराब न हो। पाक्षिक रिपोर्टः राज्यों को अब हर 15 दिन में दूध की गुणवत्ता और पंजीकरण अभियान की प्रगति रिपोर्ट केंद्र को भेजनी होगी।

नियामक ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। राज्यों को निर्देश दिए गए हैं कि वे 'विशेष पंजीकरण अभियान' चलाएं ताकि छोटे से छोटे विक्रेता को भी इस नियम के दायरे में लाया जा सके। इस कदम का उद्देश्य दूध के पूरे ईकोसिस्टम में पारदर्शिता लाना है। जब हर विक्रेता पंजीकृत होगा, तो मिलावट के स्रोत तक पहुंचना और जवाबदेही तय करना आसान हो जाएगा।

उपभोक्ताओं को क्या होगा फायदा?

सरकार का मानना है कि इस अनिवार्य लाइसेंसिंग से न केवल दूध की गुणवत्ता सुधरेगी, बल्कि उपभोक्ताओं को सुरक्षित और शुद्ध डेयरी उत्पाद मिल सकेंगे। यह कदम विशेष रूप से त्योहारों और गर्मियों के सीजन में होने वाली भारी मिलावट को रोकने में मील का पत्थर साबित होगा।

संसद में गूंजा था मुद्दाः देश में खाद्य पदार्थों में हो रही जानलेवा मिलावट का मुद्दा अब केवल रसोई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि संसद के गलियारों में भी इसकी गूंज सुनाई दी है। हाल ही में राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने 'हेल्थ' और 'एनर्जी' के नाम पर बेचे जा रहे उत्पादों की वास्तविकता उजागर करते हुए कंपनियों पर तीखे प्रहार किए थे। इसी संजीदगी को देखते हुए सरकार ने अब दूध की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए एक ऐतिहासिक फैसला लिया है।

संसद में खुली मिलावट की पोलः क्या-क्या परोसा जा रहा है आपको?

संसद में चर्चा के दौरान यह बात सामने आई कि रोजमर्रा के खान-पान में इस्तेमाल होने वाली चीजों में खतरनाक रसायनों की मिलावट हो रही है। सांसद राघव चड्ढा ने एक लंबी सूची पेश की थी, जो किसी भी आम आदमी को डराने के लिए काफी हैः

डेयरी उत्पादः दूध में यूरिया, पनीर में कास्टिक सोडा और स्टार्च, जबकि घी में डालडा की मिलावट।

सब्जियां और फलः सब्जियों को बड़ा करने के लिए ऑक्सीटोसिन और जूस में सिंथेटिक फ्लेवर।

मसाले और चायः मसालों में ईंट का पाउडर और चाय की पत्तियों में सिंथेटिक रंग।

अन्य घातक पदार्थः आइसक्रीम में डिटर्जेंट पाउडर और खाने के तेल में मशीन का तेल।

नया नियमः निगरानी में होगा दूध का हर कतरा

मिलावट के इस मकड़जाल को तोड़ने के लिए खाद्य सुरक्षा नियामक ने अब दूध विक्रेताओं के लिए कड़े प्रावधान लागू कर दिए हैं। अब दूध बेचने वाले हर छोटे-बड़े कारोबारी को सरकार के पास पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। अब आपके घर आने वाले दूध की गुणवत्ता की जिम्मेदारी सीधे तौर पर विक्रेता की होगी। लाइसेंसिंग की प्रक्रिया के कारण अब दूध की सप्लाई चेन को ट्रैक करना आसान होगा, जिससे उपभोक्ताओं को शुद्ध और सुरक्षित दूध मिलने की संभावना बढ़ जाएगी। यदि आप दूध के व्यवसाय से जुड़े हैं, तो अब बिना FSSAI लाइसेंस के कारोबार करना आपको कानूनी मुश्किलों में डाल सकता है।

## सराफा बाजारः ईरान युद्ध धीमा पड़ने की उम्मीद, विदेशों में सोने-चांदी के दाम फिर उछले



इंदौर। अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप के यह दावा करने के बाद कि ईरान संघर्ष जल्द ही खत्म हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका तेल की कीमतों में उछाल को कम करने में मदद के उपायों पर विचार कर रहा है।

इस बयान से बुलियन मार्केट में मंगलवार को फिर से खरीदारी देखने को मिली है जिससे दोनों कीमतीं धातुओं में तेजी रही। कामेक्स पर सोना वायदा 85 डालर उछलकर 5170 डालर प्रति औंस और चांदी वायदा 535 सेंट उछलकर 88.47 डालर प्रति औंस पर कारोबार करती देखी गई। इसके चलते भारतीय बाजारों में चांदी के दाम तो उछल गए लेकिन सोने की कीमतों में कोई खास असर नहीं पड़ा। मंगलवार को इंदौर में चांदी चौरसा 4000 रुपये उछलकर 268000 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोना केडबरी 161000 रुपये प्रति दस ग्राम पर स्थिर रहा। ज्वेलर्स का मानना है कि ईरान ने ट्रंप के कमेंट्स का जवाब देते हुए कहा कि वह तय करेगा कि युद्ध कब खत्म होगा।

देश ने यूएस.-इजराइली हमलों का जवाब आस-पास के कई मिडिल ईस्ट देशों पर हमले करके दिया था, साथ ही होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों पर भी हमला किया था लेकिन इस हफ़्ते की बढ़त के बावजूद, सोना पिछले हफ़्ते बनी 5,000-5,200 डालर प्रति औंस की ट्रेडिंग रेंज में ही रहा, क्योंकि ट्रेडर्स ग्लोबल इकॉनमी के सामने अनिश्चितताओं के तूफान को देख रहे थे।

सोना वायदा 5170 डालर तक जाने के बाद ऊपर में 5194 डालर और नीचे में 5116 डालर प्रति औंस और चांदी 88.47 डालर तक जाने के बाद ऊपर में 86.98 डालर और नीचे में 86.00 डालर प्रति औंस पर कारोबार करती देखी गई।

सोना केडबरी रवा नकद में 161000 सोना आरटीजीएस में 159800 (जीएसटी अतिरिक्त), सोना 22 कैरेट 146500 रुपये प्रति दस ग्राम (जीएसटी अतिरिक्त) है। सोमवार को सोना 161000 रुपये पर बंद हुआ। चांदी चौरसा 268000, चांदी आरटीजीएस 270000 चांदी टंच 268500 रुपये प्रति किलो और चांदी सिक्का 2880 रु. प्रति नग बिका। शनिवार को चांदी 264000 रु. पर बंद हुई थी।

## संजयदत्त ने इस हीरोइन संग इंटीमेट सीन करने से किया मना

बॉलीवुड के 'बाबा' यानी संजय दत्त अपनी बेबाकी और स्क्रीन प्रेजेंस के लिए जाने जाते हैं। लेकिन 90 के दशक में एक ऐसा मौका आया था जब संजय दत्त ने अपनी को-स्टार के साथ इंटीमेट सीन फिल्माने से साफ मना कर दिया था। यह मामला इतना बढ़ गया था कि डायरेक्टर महेश भट्ट और संजय दत्त के बीच तीखी बहस हो गई थी।

यह दिलचस्प किस्सा साल 1991 में आई सुपरहिट फिल्म 'सड़क' की शूटिंग के दौरान का है।



फिल्म में संजय दत्त के अपोजिट महेश भट्ट की बेटी पूजा भट्ट लीड रोल में थीं। फिल्म की डिमांड के अनुसार, दोनों के बीच एक किसिंग सीन फिल्माया जाना था।

पूजा भट्ट ने हाल ही में अपने पॉडकास्ट 'द पूजा भट्ट शो' में इस घटना को याद करते हुए बताया कि उस वक्त वह महज 19 साल की थीं और संजय दत्त अपने 30२ में थे। संजय दत्त, पूजा को अपनी छोटी बहन की तरह मानते थे, इसलिए वह उनके साथ रोमांटिक होने में काफी असहज महसूस कर रहे थे।

जब संजय दत्त ने सीन करने से मना किया, तो उन्होंने तर्क दिया कि उन्होंने पूजा को बचपन से देखा है और वह उन्हें किस नहीं कर सकते। संजय की यह बात सुनकर डायरेक्टर महेश भट्ट भड़क गए। पूजा के अनुसार, उनके पिता ने संजय को टोकते हुए कहा-

'यह पूरी तरह से पाखंड है। अगर तुम पूजा को किस नहीं कर सकते क्योंकि तुम उसे जानते हो, तो तुम्हें पर्दे पर किसी और की बेटी को भी किस करने का कोई हक नहीं है।'

पूजा ने खुलासा किया कि केवल संजय ही नहीं, बल्कि वह खुद भी उस सीन को लेकर काफी डरी हुई थीं। उन्होंने बताया, 'मैं संजय दत्त को किस करने की बात से इतनी नर्वस थी कि पास की किसी चट्टान के नीचे छुप जाना चाहती थी।' हालांकि, बाद में पेशेवर रुख अपनाते हुए इस सीन को शूट किया गया और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई।

संजय दत्त और पूजा भट्ट की केमिस्ट्री को दर्शकों ने खूब सराहा था। लगभग तीन दशक बाद, इस जोड़ी ने 'सड़क 2' में वापसी की। हालांकि इस सीक्वल में आलिया भट्ट और आदित्य रॉय कपूर मुख्य भूमिका में थे, लेकिन संजय दत्त और पूजा भट्ट (कैमियो) की मौजूदगी ने पुराने दौर की यादें ताजा कर दी थीं।

## वाहन चोरी में सहायता करने के आरोप में आरोपी को विरार पुलिस ने किया गिरफ्तार अपराध शाखा का प्रदर्शन

**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** विरार पुलिस स्टेशन में एक अपराध पंजीकरण संख्या 111/2026 भारतीय दंड संहिता 2023 कमल 303(2), 3(5) और 2) अपराध पंजीकरण संख्या 116/2026 भारतीय दंड संहिता-2023 303 (2) वाहन चोरी के अपराध का पंजीकरण किया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों ने उक्त अपराध को उजागर करने के आदेश दिए थे और जांच के लिए निर्देश जारी किए थे। तदनुसार, अपराध पहचान दल के अधिकारी और कर्मचारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और अपराध की कुशल जांच करते हुए, आरोपियों का लगातार पीछा करने तथा मुखबिरों के माध्यम से जानकारी जुटाने के बाद, एक विशाल विक्रम माने, उम्र 26 वर्ष, निवासी मनोरी कोलीवाड़ा गांव, गोराई, मलाड पश्चिम, मुंबई, दूसरा सनी भाई लाल प्रजापति, उम्र 27 वर्ष, निवासी कमरा नंबर 401, विनय गार्डन, जैस्मीन बिल्डिंग, मकाने, सफाले पश्चिम, जिला पालघर, तीसरा गौरव सुधीर साल्वी, उम्र 25 वर्ष, निवासी कमरा नंबर जी/2108, बिल्डिंग नंबर 12, म्हाडा नालासोपारा लिंक रोड, बोलिंग, विरार पश्चिम के रहने वाला है,

आरोपियों के खिलाफ की गई जांच में 5 अपराधों का खुलासा हुआ है। उपरोक्त कार्य सुहास बावचे, पी.ओ.डी., जोन 3, के बजरंग देसाई, एस.एच.पी.ओ., विरार डिवीजन द्वारा एल.एम. तुरे, वी.पी.ओ., विरार पुलिस स्टेशन, सुरेश गायकवाड़, पी.एन.आई. (अपराध), प्रताप राव कदम, पी.एन.आई. (प्रशासन) और अपराध पहचान दल सपोनी ज्ञानेश फड़तारे, पी.ओ. ज्ञानेश्वर कोकाटे, पोहवा संदीप जाधव, पोहवा अमोल चव्हाण, पोहवा मोहसिन दीवान, पोहवा सचिन बलिद, पोहवा बालाजी गायकवाड़, पोहवा बालाजी शिंदे, पोहवा सोमनाथ कासर, पोहवा विलास राठौड़ के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक कारवाई किया गया है।

## मुंबई में गैस संकट, 30% रेस्तरां बंद

**मुम्बई।** अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच छिड़े युद्ध का असर पूरे देश के अलावा देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में देखने को मिल रहा है। इसी का नतीजा है कि मुंबई में गैस सिलेंडर के दाम आसमान छू रहे हैं। उपनगर के अनेक इलाकों में गैस सिलेंडर पाने के लिए रात से ही लोग कतार लगाते हुए दिखाई दिए। वहीं रेस्टोरेंट असोसिएशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया के सचिव प्रदीप शेट्टी के अनुसार, कमर्शियल गैस सिलिंडर की सप्लाई बाधित होने से 30% होटल बंद हो चुके हैं। मेन्यू में भी कटौती की गई है। कई कैंटीनों में केवल चाय मिल रही है। असोसिएशन ने गैस की बचत, अधिक गैस के खपत वाले व्यंजनों को हटाने, इंडक्शन और इलेक्ट्रिक ओवन का उपयोग बढ़ाने और पीक समय में संचालन जैसे उपायों की अपील की है। जबकि शनिवार को घाटकोपर, कुर्ला,कांदिवली, दहिसर और दादर जैसे इलाकों में सिलिंडरों के लिए लोग लाइनों में लगे दिखे।

वहीं घरेलू गैस के दाम पर रोक लगाने की माँग शुरू हो गई है। बताया जाता है कि महाराष्ट्र में गैस सिलेंडरों के दाम आसमान छू रहे हैं. घरेलू उपभोक्ताओं को जहां 60 रुपए अधिक चुकाने पड़ रहे हैं, वहीं होटल और रेस्तरां मालिकों के लिए व्यावसायिक गैस सिलिंडर का संकट गहरा गया है. जबकि घरेलू एलपीजी सिलिंडर की कीमतों में 60 रुपए की वृद्धि से आम गरीब आदमी की हालत त्रस्त हो गई है। मुंबई का सबसे प्रचलित नाश्ता वड़ा , पाव, भजिया, मिसल पाव, इडली, मसाला डोसा के भाव बढ़ा दिया गया है। जिसके कारण आम गरीब लोगों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। वहीं मुंबई कांग्रेस रोजगार स्वय रोजगार विभाग के महासचिव डॉ सत्तार खान ने केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और राज्य के मुख्यमंत्री से घरेलू गैस के दामों में हुई वृद्धि पर रोक लगाने की माँग की है। उन्होंने कहा कि बढ़ती हुई महंगाई से आम आदमी की कमर टूट चुकी है। वहीं दूसरी तरफ घरेलू गैस के दामों में हुई वृद्धि से गरीब वर्ग में हाहाकार मच गया है। खान ने यह भी बताया कि अंतरराष्ट्रीय उथल-पुथल का सबसे बड़ा झटका होटल व्यवसाय को लगा है. कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में 150 से 200 रुपए तक का उछाल आया है।

## संजय राउत ने एलपीजी सिलेंडरों की कमी को लेकर केंद्र और महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधा

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने शनिवार को एलपीजी सिलेंडरों की कमी को लेकर केंद्र और महाराष्ट्र सरकार पर जमकर निशाना साधा और उन पर झूठी कहानी फैलाने और समस्या का समाधान करने के बजाय चुनाव प्रचार में व्यस्त रहने का आरोप लगाया। संजय राउत ने दावा किया कि कमी के कारण 40 प्रतिशत होटल उद्योग ठप हो गया है और लोग सिलेंडरों के लिए लंबी कतारों में खड़े हैं, जबकि सरकार चुप है।

संजय राउत ने मौजूदा स्थिति के लिए भाजपा की अंतरराष्ट्रीय राजनीति में विफलता को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र दोनों स्तरों पर सरकारें अफवाहें फैला रही हैं कि सब कुछ सुचारू रूप से चल रहा है। दूसरी ओर, भाजपा नेता इस समय दक्षिण में चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। 40 प्रतिशत होटल उद्योग ठप हो गया है। फिर भी, उपमुख्यमंत्री फडणवीस, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने इस बारे में एक शब्द भी नहीं कहा है। नोटबंदी के दौरान जिस तरह कतारें लगी थीं, वैसी ही कतारें अब लग रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि यह सरकार अंतरराष्ट्रीय राजनीति के क्षेत्र में विफल साबित हुई है।

## शोक संदेश



श्रीमती उषा कृष्णकांत मिश्रा (बच्चन) का दुखद निधन दिनांक 13 मार्च 2026 दिन शुक्रवार को सुबह 5 बजे लम्बी बिमारी के कारण अस्पताल में हो गया। वह 62 वर्ष का कठीन पड़ाव पार कर चुकी थी। उनका शव यात्रा व दाह-संस्कार रविवार 15 मार्च 2026 को दिन में 1:00 बजे उनके निवास स्थान 189, नदारद मेंशन रोड नंबर 57 नियर एस आई डब्ल्यू एस कालेज वडाला पश्चिम से निकलेगी।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com

## पत्नी की हत्या करने वाला पति नाशिक से गिरफ्तार

### मारपीट हत्या की पूरी घटना नौ साल के बेटे ने आँखों से देखा



चेतन निर्मल

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण के खड़कपाड़ा पुलिस थाने की सीमा में हुई पत्नी की हत्या के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को महज चार घंटे के भीतर नाशिक से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान विशाल साहेबराव भुतकर के रूप में हुई है, जो मिस्त्री का काम करता है। पारिवारिक विवाद के कारण वह और उसकी पत्नी कुछ समय से अलग-अलग रह रहे थे।

खड़कपाडा पुलिस ने यह भी बताया की आरोपी नाशिक से पत्नी को वापस ले जाने के लिए कल्याण के खड़कपाड़ा थाना क्षेत्र के उंबर्डे इलाके में आया था। इस दौरान पत्नी ने उसके साथ जाने से इनकार कर दिया, जिससे दोनों के बीच जोरदार विवाद हो गया। विवाद बढ़कर हाथापाई में बदल गया, जिसमें पत्नी को गंभीर चोटें आईं। गंभीर मारपीट के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चौंकाने वाली बात यह है कि यह पूरी घटना उनके नौ साल के बेटे के सामने हुई। घटना की जानकारी मिलते ही खड़कपाड़ा पुलिस ने तुरंत जांच शुरू करते हुए आरोपी का पता लगाया। इसके बाद महज चार घंटे के भीतर नाशिक से आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली। इस मामले में खड़कपाड़ा पुलिस थाने में आरोपी विशाल भुतकर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है और फिलहाल वह पुलिस हिरासत में है। आगे की जांच खड़कपाड़ा के थाना इंचार्ज अमरनाथ वाघमोडे के मार्गदर्शन में पुलिस की टीम कर रही है।

## भारत के उद्यमिता पारितंत्र को आकार देने में उद्यमिता शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका

**मुंबई।** भारतीय अर्थव्यवस्था और समाज में उद्यमिता ने आज एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर लिया है। सशक्त सार्वजनिक नीतियां और प्रभावी शासन व्यवस्था इसके विकास को प्रोत्साहित करती हैं तथा उसे संतुलित और रचनात्मक दिशा प्रदान करती हैं। यह क्षेत्र अब एक प्रभावी विकास रणनीति के रूप में उभर चुका है, जो संसाधनों के बेहतर उपयोग, मानव संसाधन, पूंजी, कौशल और अन्य आवश्यक साधनों की सामूहिक शक्ति को संगठित कर उद्यम स्थापित करने में सहायक है। ऐसे उद्यम गरीबी को कम करने, रोजगार सृजन करने और देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि करने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। अहमदाबाद स्थित भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान भारत के उद्यमिता पारितंत्र को आकार देने और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संस्थान को उद्यमिता शिक्षा, प्रशिक्षण, कौशल विकास, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की वृद्धि, स्टार्टअप, नवाचार और संस्थान निर्माण के क्षेत्र में 40 से अधिक वर्षों का अनुभव है। इसे भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा कौशल पारितंत्र में उत्कृष्टता केंद्र के रूप में मान्यता प्राप्त है। इस संस्थान में स्नातकोत्तर शिक्षा केवल प्रबंधक तैयार करने के लिए नहीं बनाई गई है, बल्कि इसका उद्देश्य स्वामी-प्रबंधक, पारिवारिक व्यवसाय के उत्तराधिकारी, आंतरिक उद्यमी और समुदाय में परिवर्तन लाने वाले नेतृत्वकताओं को तैयार करना है। यह पाठ्यक्रम वर्ष 1998 में शुरू किया गया था और इसमें नए उद्यम की स्थापना की पूरी प्रक्रिया शामिल है।

## हटाए जा रहे मुंबई के फेरीवालों का पुनर्वासन आवश्यक : संतोष सिंह



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** शिवसेना उत्तर भारतीय संगठन मुंबई के उपाध्यक्ष संतोष सिंह ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा मुंबई की महापौर श्रीमती रितु तावडे को पत्र लिखकर फुटपाथ से हटाए जा रहे फेरीवालों के पुनर्वासन की मांग की है। संतोष सिंह ने कहा कि पिछले कई वर्षों से फुटपाथ पर व्यवसाय कर अपने परिवार का पालन पोषण करने वाले फेरीवालों को हटाया जा रहा है, जिससे उनके पूरे परिवार पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। खासकर स्कूलों में पढ़ रहे उनके बच्चों को आगे पढ़ पाना मुश्किल सा हो गया है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि मुंबई को स्वस्थ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में अतिक्रमित फेरीवालों को हटाया जाना जरूरी है ,परंतु मानवीय आधार पर उन्हें रोजी-रोटी से पूरी तरह से बेदखल कर देना उचित नहीं है। ऐसे में इन फेरीवालों का पुनर्वासन उन्हें नई जिंदगी दे सकता है और उनका परिवार भुखमरी के संकट से बाहर निकल सकता है। उन्होंने कहा कि प्रभावित फेरीवालों में सबसे अधिक संख्या उत्तर भारतीयों की है, जो काफी अरसे से फुटपाथ पर व्यवसाय करके अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे थे। पुनर्वासन ही ऐसे परिवारों को नया जीवन और जीने का आधार दे सकता है।

## डावखर इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बनाई गई इमारतें सरकारी जमीन पर नहीं: उच्च न्यायालय



**कल्याण।** कल्याण में इमारतों का निर्माण करने वाली प्रसिद्ध कंपनी डावखर इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ मुंबई उच्च न्यायालय में संयुक्त रूप से दायर की गई जनहित याचिका की पहली सुनवाई में याचिकाकताओं ने अपने दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत और दस्तावेज माननीय उच्च न्यायालय के सामने पेश नहीं किया। उच्च न्यायालय ने डावखर इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड का दावा सत्य माना और यह स्पष्ट हो गया कि डावखर इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड ने बनाई गई इमारतें सरकारी जमीन पर नहीं हैं.

डावखर इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड ने अपने स्वामित्व वाली जमीन पर ही निर्माण किया है, ऐसी जानकारी डावखर इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के मालक संतोष डावखर ने पत्रकार परिषद में दी। ज्ञात हो, मुंबई उच्च न्यायालय में राजेंद्र नाथ पारसनाथ पांडे और सुजीत अनंत कदम ने मुंबई उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी, जिसमें डावखर इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड ने नौसेना की जमीन पर निर्माण करने का आरोप लगाया था। पत्रकार परिषद में संतोष डावखर ने कहा कि, हमारा निर्माण हमारी जमीन पर है। नियमानुसार प्रत्येक दस्तावेज प्रमाणित है, प्रत्येक कर, शुल्क की अदायगी की है। डावखर ने दावा किया कि संबंधित जमीन का 98 वर्ष का कागज है। इसके साथ ही संतोष डावखर ने पत्रकारों के सामने अपने ग्राहकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए कहा कि, अगले पचास वर्षों तक उनकी कंपनी उपभोक्ताओं के लिए किसी भी समस्या के समय सदैव साथ देगी। डावखर इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के संतोष डावखर पत्रकार परिषद में अपनी कंपनी के साथियों के साथ उपस्थित थे। पत्रकार परिषद में सत्य की जीत पर संतोष डावखर ने माननीय मुंबई उच्च न्यायालय, ठाणे जिले के पूर्व जिलाधिकारी और वर्तमान जिलाधिकारी श्रीकृष्ण पांचाल का आभार माना।

## मनपा चुनाव के आड़ में सरकारी जमीन पर भूमाफियाओं ने किया कब्जा बना डाली पत्रा के आड़ में अवैध 10 रूम



**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** मीरा भायंदर शहर के महानगरपालिका प्रभाग क्रमांक 3 के अंतर्गत का मामला है जहां पर भूमाफियाओं द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध रूप से झोपड़ा बनाकर गरीबों को बेचा जा रहा है। मनपा अधिकारी को भनक तक नहीं लगने दी। आपको बता दे कि यह पूरा मामला गांव खारी भायंदर ईस्ट तालुका थाणे की है, जिसका सर्वे नंबर 78/3/ब दि इस्टेट इन्वेस्टमेंट कं, प्रा,लि, मीरा भायंदर महानगरपालिका खाता नंबर 596 है। जिस पर भोली भाली गरीब जनता को यह मालूम नहीं रहता है कि यह जमीन महानगरपालिका का सरकारी जमीन है। सस्ते और लालच के चक्कर में जनता ने भू माफियाओं के शिकार हो जाती है, और बाद में चलकर लफड़ा होता है ना जगह मिलता है ना पैसा मिलता है। भूमाफियाओं ने रूम बेचकर हो जाते हैं रफू चक्कर।

इसी तरह का मामला 2 साल पहले काशी गांव काशीमीरा में हुआ था जहां पर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण खाली करने में नगर पालिका प्रशासन को पसीने छूट गए, अपने ही जगह को खाली कराने में महानगरपालिका का किस तरह सामना करना पड़ता है, क्या अगर वक्त रहते हुए मीरा भायंदर मनपा के आयुक्त राधा विनोद शर्मा तथा प्रभाग क्रमांक 3 के सहा आयुक्त दत्तात्रेय वरकुटे साहब इस अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करते है या नहीं यह तो आने वाला वक्त ही बतायेगा।

## एम आई डी सी म्हापे पारधी बस्ती में मेडिकल कैंप का आयोजन



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** गुरुवार, 12 मार्च को आदिवासी पारधी महासंघ और लक्ष्मी देवी आदिवासी पारधी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष एकनाथ पवार की नेतृत्व में पारधी वाडी, अडवली भुतवली, एम आई डी सी . महापे, घनसोली, नवी मुंबई में स्वास्थ्य जांच के लिए मेडिकल कैंप लगाया गया।यह मेडिकल कैंप कल्पतरु फाउंडेशन और तारा नेत्रालय के सहयोग से लगाया गया था। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य पारधी बस्ती में रहने वाले बीमार और शारीरिक समस्या से परेशान लोगों की जांच करके उन्हें सही इलाज और मार्गदर्शन देना था। इस मेडिकल कैंप में डायबिटीज, बी.पी. आंख थायराइड जैसी बीमारियों की जांच की गई। बता दें कि अनेक बार पैसे की दिक्कत या जानकारी न होने की वजह से लोग समय पर इलाज नहीं करवा पाते। ऐसे लोगों की मदद करना और स्वास्थ्य को बेहतर बनाना इस पहल का मुख्य उद्देश्य था।

इस मौके पर सैकड़ों लोगों ने मेडिकल कैंप का फायदा उठाया। डॉक्टरों ने मरीजों की जांच की और उन्हें जरूरी दवाएं और निरोगी जीवन जीने के लिए मार्गदर्शन दिया।

इसके साथ ही संतोष एकनाथ पवार पारधी समझ के हर तरह के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। पारधी समाज को विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए

छोटे बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देना युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना और महिलाओं को सक्षमीकरण बनाना, समाज में गैर-कानूनी और गलत धंधों को बंद करना, साथ ही समाज में पढ़ाई-लिखाई और जागरूकता बढ़ाना। उनके ईमानदार और समाज के लिए फायदेमंद कामों की वजह से, कई सामाजिक संगठन उनसे जुड़ रहे हैं। जिसके कारण आज आदिवासी पारधी बस्ती में अच्छे बदलाव देखे जा रहे हैं। समाज की भलाई के लिए किए गए इस काम का सारा श्रेय संतोष एकनाथ पवार को जाता है। संतोष पवार पारधी समाज के विकास के लिए तरह तरह के उपक्रमों का आयोजन करते आ रहे हैं।

## एलपीजी की कमी पर देश को गुमराह करना बंद करें कांग्रेस : मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं है और उन्होंने कांग्रेस पर लोगों को गुमराह करने और भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। पत्रकारों से बात करते हुए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने कहा कि चाहे महाराष्ट्र हो या पूरा देश, कहीं भी एलपीजी की कमी नहीं है। केंद्र सरकार, सचिवों और कंपनियों ने लगातार यही कहा है, लेकिन कांग्रेस और उसके नेता जानबूझकर लोगों में भ्रम पैदा कर रहे हैं और उन्हें लंबी कतारों में खड़ा कर रहे हैं। कतारों में खड़े होने की कोई जरूरत नहीं है; कांग्रेस को देश को गुमराह करना बंद करना चाहिए। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में आई बाधाओं के बीच एलपीजी की कमी की स्थिति उत्पन्न हुई है। पश्चिम एशिया में चल रहे घटनाक्रमों के कारण ईंधन आपूर्ति को लेकर चिंताओं के बीच, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि भारत में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है और देश भर की रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं, खुदरा दुकानों पर ईंधन की कमी की कोई रिपोर्ट नहीं है।

पश्चिम एशिया में चल रहे घटनाक्रमों पर अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए, मंत्रालय की संयुक्त सचिव (विपणन एवं तेल रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में पर्याप्त पेट्रोल और डीजल उपलब्ध है और फिलहाल आयात की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां तक कच्चे तेल और रिफाइनरियों का सवाल है, हमारे पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है और हमारी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। खुदरा दुकानों पर ईंधन की कमी की कोई रिपोर्ट नहीं है।

## डेटॉक्स थाई स्पा सेंटर में मसाज के नाम चल रहे जिस्मफरोशी के कारोबार पर क्राइम ब्रांच का छापा

### ◆डेटॉक्स थाई स्पा सेंटर की महिला मैनेजर गिरफ्तार




**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** मीरा रोड़ में डेटॉक्स थाई सपा सेंटर का मामला है जहां पर इसके पहले भी इस स्पा सेंटर में पिटा एक्ट के तहत कारवाई हो चुकी है,और नाम बदलकर वायस मसाज के नाम पर जिस्मफरोशी का कारोबार मैनेजर और चालक ने चालू कर दिया था, जीसपर आज महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय मीरा रोड ईस्ट के काशीमीरा पुलिस स्टेशन की हद में एम,आई, डीसी, रोड़ केम छो ऑर्केस्ट्रा बार के सामने,जयेश ऑटो बैटरी, श्रीवास्तव निवास के फर्स्ट फ्लोर, डेटॉक्स थाई स्पा सेंटर के चालक व मैनेजर मसाज के नाम पर जिस्मफरोशी का कारोबार चला रहे थे फिर क्या हुआ। महिला अत्याचार प्रतिबंधक विशेष बालकांचे संरक्षण व काळजी कक्ष मि. भा. व. वि की सीनीयर पीआई शीतल मुंढे (क्राइम ब्रांच)और उनकी टीम ने केम छो ऑर्केस्ट्रा बार के सामने डेटॉक्स थाई स्पा सेंटर में बोगस ग्राहक भेजकर छापा मारकर एक महिला मैनेजर को हिरासत में लेकर एक पीडीत लडकी को देहव्यापार के दलदल से बचाया। डेटॉक्स थाई स्पा सेंटर का पहले नेचुरल थाई स्पा सेंटर नाम था काशीमीरा पुलिस थाणे की टिम ने बी एन एस और पीटा कायदा के तहत कारवाई की थी, स्पा सेंटर का मैनेजर और चालक जेल से छूटने के बाद वापस स्पा सेंटर के चालक ने नेचुरल थाई स्पा सेंटर का नाम बदलकर डेटॉक्स थाई स्पा सेंटर रखकर मसाज के नाम पर जिस्मफरोशी का कारोबार बेखौफ चालू कर दिया। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि डेटॉक्स थाई स्पा सेंटर से गिरफ़्तार महिला मैनेजर ओर वांटेड स्पा सेंटर के चालक ने वेश्यावृत्ति का गैरकानूनी नेटवर्क कैसे तैयार किया। प्रारंभिक जांच से संकेत मिल रहे हैं कि यह मामला मसाज के नाम पर बड़े जिस्मफरोशी रैकेट से जुड़ा हो सकता है। सीनीयर पीआई शीतल मुंढे और उनकी टीम मानव तस्करी और देहव्यापार जैसे घिनौने अपराधों के खिलाफ सख्त संदेश देती है। उनकी टीम ने डेटॉक्स थाई स्पा सेंटर से गिरफ्तार एक महिला मैनेजर और स्पा सेंटर के चालक मालक वांटेड के उपर बी एन एस 143 (3), 3(5) और पीटा एक्ट कायदा 3,4,5,7 के तहत कानूनी कारवाई करके एक पीड़ीत लडकी को महिला सुधारगृह में भेजने की कानूनी प्रकिया कर रही है। वेश्यावव्यसाय के कारोबार पर छापा मारकर बी एन एस और पिटा एक्ट के तहत कानूनी कारवाई एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय के वरिष्ठ अधिकारियों, क्राइम ब्रांच डीसीपी संदीप डोईफोडे, एसीपी मदन बल्लाल, के मार्गदर्शन में महिला अत्याचार प्रतिबंधक विशेष बालकाचे संरक्षण व कालाजी कक्ष मीरा भायंदर ,वसई विरार की सीनियर पीआई शीतल मुंडे, पीएस आईं संदीप शिंदे, एएसआई राजाराम आसवाले, महिला पुलिस एएसआई देशमुख मेडम,एच सी निशिगंधा मांजरेकर, शीतल जाधव, पीसी ललित पाटील, के साथ क्राइम ब्रांच की टीम ने संयुक्त रूप से कारवाई किया।

प्रजापति
फॅब्रीकेशन अ‍ॅण्ड ग्रिल वर्क्स
93245 26742
98200 55193
93227 55403
PRAJAPATI
FABRICATION & GRILL WORKS
MANUFACTURERS OF
COMPOUND GATES, MS GRILLS, WATER TANKS,
ROLL SHUTTER, COLLAPSIBLE DOOR &
ALUMINIUM SLIDING WINDOW
SHOP NO. 101, SAVERA CHS., LAST BUS STOP, VEERA DESAI ROAD, ANDHERI (W), MUMBAI-400053. GST No.: 27ANKPP6297R1ZP

स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com